* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
04 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 107

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान में दो करोड़ से ज्यादा ने डुबकी लगायी

## संगम से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष। सोमवार सुबह संगम क्षेत्र का नजारा अद्भुत था। दरअसल सोमवार को संगम स्नान के लिए खास दिन था। वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। इस दिन स्नान के लिए साधु-संत और अखाड़ों के साथ-साथ डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। संगम से 10 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लाइन लग गयी। देश ही नहीं विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे थे।

सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। कतार में आकर सभी 13 अखाड़ों ने स्नान किया।

### लेटे हनुमान मंदिर को बंद किया गया

संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर थे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगाते नजर आये। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाये गये। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चल कर लोग संगम पहुंचे। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे किया गया। महाकुंभ का सोमवार को 22वां दिन था। शाम 4 बजे तक 1.98 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। खबर लिखे जाने तक श्रद्धालु स्नान कर रहे थे। महाकुंभ में 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।

### सीएम आवास में बना कंट्रोल रूम

लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास में कंट्रोल रूम बनाया गया है। सीएम योगी यहां से महाकुंभ की खुद मॉनिटरिंग करते हुए दिखे। उनके साथ डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और सीनियर अधिकारी मौजूद थे। महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नये आइपीएस को भी उतारा गया है। हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। 2750 सीसीटीवी भी लगाये गये हैं।

# महिलाओं को सशक्त बना रही राज्य सरकार : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने दुमका में लोगों की समस्याओं का किया निदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को खिजुरिया, दुमका स्थित आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने लोगों से कहा कि यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में एक बार पुनः मजबूत सरकार का गठन हुआ है। आपकी समस्याओं का निराकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिये। उसका त्वरित निष्पादन भी हुआ। अधिकारियों ने आपके घर के दरवाजे पर पहुंच कर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया। वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने जो भी वादे किये, उन सभी वादों को पूरा करते हुए राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का कार्य हो रहा है।

# अनुराग गुप्ता बने झारखंड के नियमित डीजीपी

- छह अधिकारी बने आइएएस, अधिसूचना जारी की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी की जगह नियमित डीजीपी नियुक्त कर पदस्थापित किया गया है। इससे पहले वे अपराध एवं अनुसंधान विभाग के महानिदेशक के साथ-साथ प्रभारी डीजीपी के पद पर कार्यरत थे। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने डीजीपी के पद पर उनकी सेवा नियमित करने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।





### कंचन सिंह समेत छह अधिकारी बने आइएएस

झारखंड कैडर के नॉन स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) में प्रोन्नति दी गयी है। इनमें धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, विजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल हैं। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध इन्हें प्रमोशन मिला है।

## न्यूज रील्स

### 4 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ मंदिर के कपाट

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर के पवित्र कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। वसंत पंचमी पर नरेंद्र नगर में पूर्व टिहरी राज दरबार में विशेष पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट खुलने का समय तय किया गया। गणेश पंचांग और चौकी पूजन के बाद राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस दौरान टिहरी के पूर्व महाराजा मानवेंद्र शाह, लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल और कई अधिकारी मौजूद थे। बताते चलें कि 17 नवंबर 2024 को बद्रीनाथ के कपाट पंच पूजा के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिये गये थे।

# महाकुंभ में भगदड़ पर सदन में हंगामा

- विपक्ष ने सरकार से मौत का सही आंकड़ा जारी करने की मांग की
- उपराष्ट्रपति ने खड़गे के बयान पर जतायी आपत्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जम कर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गये हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान (हजारों लोगों की मौत) वापस लेने को कहा। जवाब में खड़गे ने कहा कि यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं, तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। कितने लोग मारे गये, यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा।

गौरतलब है कि महाकुंभ में 28 जनवरी को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान से पहले रात करीब 2 बजे भगदड़ हुई थी। यूपी सरकार ने 17 घंटे बाद 30 मौतों और 60 लोगों के घायल होने की बात कही।

### मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, लेकिन सफलता नहीं मिली: राहुल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण दिया। राहुल ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। आज मैं बताऊंगा कि उनका संबोधन कैसा हो सकता था। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं पीएम को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे। राहुल ने कहा कि भले हम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी एक समस्या है, जिससे निपटने में यूपीए सरकार और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं। राहुल ने अपने भाषण में बेरोजगारी पर सरकार को घेरा।

# 10 लाख में पति की किडनी बेच कर पत्नी प्रेमी संग फरार

- फेसबुक पर मिला था शख्स, पैसे भी लेकर भागने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक महिला ने कथित तौर पर अपने पति की किडनी 10 लाख रुपये में बेच दी। इसके बाद वह पूरे पैसे लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पुलिस ने बताया कि महिला ने बेटी की पढ़ाई के लिए पति से पैसे जुटाने को कहा। उसे 10 लाख रुपये में किडनी बेचने पर मजबूर किया। पुलिस ने संकरैल निवासी पति की शिकायत पर जांच शुरू की है।

**किडनी बेचने के लिए बनाया दबाव :** पति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी पिछले एक साल से किडनी बेच कर पैसे लाने का दबाव डाल रही थी। उसका कहना था कि इन पैसों से घर अच्छे से चलायेगी और 12 वर्षीय बेटी का अच्छे स्कूल में एडमिशन करायेगी। इसके बाद वह किडनी बेचने के लिए राजी हुआ और एक खरीदार के साथ समझौता किया। पिछले महीने हुई सर्जरी के बाद पति पैसे घर ले आया। उसकी पत्नी ने जल्दी ठीक होने के लिए उससे आराम करने और बाहर न निकलने के लिए कहा।

**बैरकपुर में दूसरे आदमी के साथ मिली महिला :** इस बीच महिला एक दूसरे व्यक्ति के साथ भाग गयी। इसके बाद परिजनों ने दोस्तों और परिचितों की मदद से उसकी



खोजबीन शुरू की। महिला हावड़ा से दूर कोलकाता के उत्तरी उपनगर बैरकपुर में एक घर में मिली। इस घर में वह आदमी भी रह रहा था, जिसके साथ वह कथित तौर पर भाग गयी थी। महिला ने बताया कि वह अपने प्रेमी से फेसबुक पर मिली थी। दोनों कथित तौर पर पिछले एक साल से रिलेशनशिप में थे।

**महिला ने अपने पति पर लगाया आरोप :** पुलिस ने बताया कि जब उसका पति, सास और बेटी बैरकपुर में उस आदमी के घर गये, तो उसने बाहर आने से इनकार कर दिया। उसके प्रेमी ने उनसे कहा कि वह अपने ससुराल वालों पर शादी होने के बाद 16 सालों तक मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तलाक देगी। उधर, पीड़ित पति ने इस बात से इनकार किया कि उसकी पत्नी संकरैल स्थित ससुराल वालों के घर से भी कैश लेकर गयी है। पुलिस ने कहा कि वे पहले महिला के प्रेमी और पति के परिवार के बीच हुई बातचीत का वीडियो देखेगी। कोई भी कार्रवाई करने से पहले महिला और उसके प्रेमी से पूछताछ की जायेगी।

सेवा ही लक्ष्य
झारखंड पुलिस
झारखंड सरकार

अफीम की खेती की रोकथाम के लिए झारखड पुलिस की अपील!



अफीम की खेती को ना कहें,
नशे के खतरों से भविष्य को बचाएं,
इसके खिलाफ अभियान में सहयोग करें...

झारखंड पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अफीम की खेती के खिलाफ अभियान में सहयोग करें। अफीम की खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होती है तथा जलस्त्रोत दूषित होता है। इससे मानव जीवन और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि आपके निजी खेत में अफीम का फसल लगायी गयी है, तो आप सभी स्वयं नष्ट कर लें।

अफीम की खेती करने वालों के विरूद्ध NDPS एवं PITNDPS अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। अफीम की खेती करने पर 20 वर्ष आजीवन कारावास तक की सजा एवं भारी जुर्माना हो सकता है। अफीम की खेती, परिवहन एवं दुरूपयोग से निपटने के लिए इस गतिविधि में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अर्जित अवैध संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा।

निवेदक,
झारखंड पुलिस

P.R. 345665 (Police) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 77,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 98,000 रु./प्रति किलो |



# भव्य, भावना और भक्ति की भीड़ ने दिखा दिया, यह एकता का पर्व है, यह महाकुंभ है

## ■ महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता और समता का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल

## ■ वसंत पंचमी के दिन दो करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी, सुबह 3 बजे से मॉनिटरिंग कर रहे थे योगी

## ■ कह रहे श्रद्धालु व्यवस्था बेहतरीन, कोई अव्यवस्था और परेशानी नहीं

आजाद सिपाही विशेष

महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रदर्शन स्थल है, जिसे दुनिया भर से आये पर्यटक देख कर आश्चर्यचकित हैं। कैसे अलग-अलग भाषाई, रहन-सहन, रीति-रिवाज को मानने वाले एकता के सूत्र में बंधे संगम में स्नान करने चले आते हैं। साधु-संन्यासियों के अखाड़े हों या तीर्थराज के मंदिर और घाट, बिना रोक टोक श्रद्धालु दर्शन-पूजन करने जा रहे हैं। संगम क्षेत्र में चल रहे अनेक अन्न भंडार, सभी भक्तों, श्रद्धालुओं के लिए दिन रात खुले हैं, जहां सभी लोग एक साथ पंगत में बैठ कर भोजन ग्रहण कर रहे हैं। महाकुंभ मेले में भारत की विविधता इस तरह समरस हो जाती है कि उनमें किसी तरह का भेद कर पाना संभव नहीं है। प्रयागराज का महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुंभ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं। यहां जात-पात के बंधन में लोग बंटे हुए नहीं हैं, यहां सभी सनातनी हैं। सनातन का परचम बुलंद कर रहे हैं। जो सनातन से अवगत नहीं हैं, वे भी सनातन संस्कृति से प्रभावित हो भाव विभोर हो रहे हैं, कह रहे हैं, हरे राम, हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे। हर-हर महादेव का उद्घोष भी करते दिख रहे हैं। वहां मौजूद कई श्रद्धालु, समस्त साधु, संन्यासियों का आशीर्वाद ले रहे हैं, मंदिरों में दर्शन कर अन्न क्षेत्र में एक ही पंगत में बैठ कर भंडारों में खाना खा रहे हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुंभ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाया है। महाकुंभ में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। अमृत स्नान पर महाकुंभ नगर में एकता का महाकुंभ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंच कर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगा कर लोग उत्साह से लबरेज नजर आये। महाकुंभ में वसंत पंचमी के दृश्य का विस्तार से वर्णन कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



### हर-हर महादेव का जयघोष करते संतों ने लगायी डुबकी

महाकुंभ का सोमवार को 22वां दिन था। वसंत पंचमी के मौके पर करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान कर लिया था। 13 जनवरी से अब तक करीब 35 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं। सोमवार को वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान पूरा हुआ। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख, शरीर पर भभूत, घोड़े और रथ की सवारी और हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंचे। हर-हर गंगे, बम-बम भोले और जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से महाकुंभ क्षेत्र गूंज उठा है। महाकुंभ के तीसरे और आखिरी अमृत स्नान पर्व पर अखाड़ों ने संगम में डुबकी लगायी। भोर में साढ़े चार बजे सबसे पहले महानिर्वाणी के संतों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी और फिर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े ने अमृत स्नान किया। जूना अखाड़े में नागाओं की भारी फौज रही। जूना अखाड़े में किन्नर अखाड़ा भी शामिल रहा। संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर उपस्थित रहे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे थे। चाहे लाल मार्ग हो या काली मार्ग या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफ से भक्ति का सागर संगम में मिलने के लिए उमड़ रहा था। मौनी अमावस्या स्नान पूर्व, हादसे से सबक लेते हुए इस बार अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के लिए सेफ कॉरिडोर बनाया गया था, ताकि शाही सवारियां निकलने के दौरान उस रास्ते पर कोई आम श्रद्धालु प्रवेश न कर सके। कुंभ मेला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम में वसंत पंचमी पर संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते बन रहा था।

### हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग

30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हुए हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल भी बरसाये गये। संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला रहा। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चल कर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। वहीं महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नये आइपीएस को भी उतारा गया है। लगातार हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। मेला क्षेत्र में 2750 सीसीटीवी भी लगाये गये हैं। लखनऊ में सीएम आवास में कंट्रोल रूम बनाया गया है। डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और सीनियर अफसरों के साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ तड़के 3 बजे से खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे। रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर पुलिसकर्मी लगातार अनाउंसमेंट कर रहे थे। वे श्रद्धालुओं को स्टेशन और मेला क्षेत्र की दूरी बता रहे थे। महाकुंभ मेले में बसंत पंचमी के तीसरे अमृत स्नान के अवसर पर स्वच्छता के विशेष प्रबंध किये गये। सीएम योगी के निर्देशन में मेला क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। 4200 हेक्टेयर में फैले विशाल मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 44 घाट बनाये गये हैं। इन घाटों की स्वच्छता के लिए 15,000 सफाई मित्र और 2500 से अधिक गंगा सेवा दूत लगातार कार्यरत हैं। वसंत पंचमी के अवसर पर मेला प्राधिकरण ने विशेष सफाई अभियान भी चलाया। वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर ने कहा कि वसंत पंचमी स्नान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों ने बहुत प्रयास किया। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की इतनी अप्रत्याशित संख्या उमड़ी थी, जो पहले कभी नहीं देखी गयी। जो दुर्घटना हुई, उससे उत्तरप्रदेश पुलिस और प्रशासन को बहुत दुख पहुंचा है। दुर्घटना के कारणों की समीक्षा की गयी और समाधान सुझाये गये। हमने उन समाधानों को लागू किया और वसंत पंचमी स्नान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### संसद में विपक्ष ने किया हंगामा

संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जम कर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गये हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें हजारों लोगों की मौत वाले बयान को वापस लेने को कहा। जवाब में खड़गे ने कहा कि, यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा, लेकिन कितने लोग मारे गये, यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा।

### सोशल मीडिया की अफवाहें निकली झूठी, लोगों ने कहा कोई अव्यवस्था और परेशानी नहीं

सनातन आस्था के महापर्व प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 में सोमवार को करीब दो करोड़ की संख्या में श्रद्धालुओं ने वसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, ओड़िशा के साथ प्रदेश के अलग-अलग शहरों से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से प्रयागराज आकर पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी। दो से तीन हजार किलोमीटर की दूरी तय करके श्रद्धालु संगम में अमृत स्नान करने आये। श्रद्धालुओं का कहना था कि महाकुंभ का इतना विशाल और भव्य आयोजन उन्होंने इससे पहले कभी नहीं देखा है, सभी श्रद्धालु सुगम और सुव्यवस्थित संगम स्नान कर यूपी की योगी सरकार का धन्यवाद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को श्रद्धालुओं ने पूरी तरह झूठ बताया। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने-कोने से प्रयागराज आ रहे हैं और पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। महाकुंभ में वसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। श्रद्धालुओं का कहना है कि महाकुंभ को लेकर सोशल मीडिया में जो अफवाहें फैलायी जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। प्रशासन की व्यवस्था और महाकुंभ का दिव्य भव्य आयोजन अविस्मरणीय है। कर्नाटक के हुबली से आये एक श्रद्धालु का कहना था कि महाकुंभ में सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं, स्नान करने में किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। उनके साथ आये लोगों का कहना था कि महाकुंभ का उनका अनुभव यादगार रहा। मुंबई से आये शुक्ला जी का कहना था कि वह तीन हजार किलोमीटर दूर से संगम स्नान करने आये थे, महाकुंभ में सभी व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी हैं। पास में मौजूद कुछ लोगों का कहना था कि संगम तट तक पहुंचने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं हुई। इतने ज्यादा लोगों की व्यवस्था करना और इतना बड़ा आयोजन करवाना अपने आपमें अद्भुत है। हम लोग सीएम योगी के शुक्रगुजार हैं कि उनकी वजह से सनातन का ऐसा दिव्य भव्य महाकुंभ देखने को मिला। परिवार के साथ महाराष्ट्र से आये एक श्रद्धालु का कहना था कि महाकुंभ की व्यवस्था दिव्य और भव्य है। हम अपने पूरे परिवार के साथ आये हैं। मेरे साथ मेरा 9 साल का बेटा भी संगम स्नान करने आया है। हमें संगम स्नान करने में कोई भी परेशानी नहीं हुई, पुलिस प्रशासन के लोगों का व्यवहार भी सराहनीय है। लखनऊ से रस्तोगी जी का कहना था कि व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है। लोग आसानी से संगम में स्नान कर रहे हैं। सोशल मीडिया में जो अफवाहें फैलायी जा रही हैं, वे पूरी तरह गलत है। यहां संगम में करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। किसी तरह की कोई अव्यवस्था और परेशानी नहीं है।

---

# राज्य में आदिवासी समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें सीएम : राफिया नाज

**कहा- आदिवासी समुदाय झारखंड के बजाय अन्य राज्यों में ज्यादा सुरक्षित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दिये गये बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान केवल हवा-हवाई है और इसकी कोई वास्तविकता नहीं है।



मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा था कि पूरे देश में जहां कहीं भी आदिवासी हैं, वे झारखंड आयें, हम उन्हें बसायेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राफिया नाज ने कहा कि हकीकत यह है कि झारखंड राज्य के आदिवासी भाई-बहन आज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में आदिवासी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बांगलादेशी घुसपैठियों के कारण राज्य में आदिवासी समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री पहले राज्यभर के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को सुनिश्चित करें फिर आमंत्रण दें।

राफिया नाज ने कहा, झारखंड के आदिवासी समुदाय की भूमि और संसाधनों पर लगातार बांगलादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है। जो न केवल उनके अस्तित्व के लिए खतरा बन चुका है, बल्कि उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी मिटाने की साजिश की जा रही है। यह घुसपैठी गतिविधियां झारखंड के सांप्रदायिक और सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा, झारखंड में सीमा सुरक्षा की स्थिति और राज्य सरकार की निष्क्रियता के कारण बांगलादेशी घुसपैठियों का लगातार बढ़ता प्रभाव राज्य की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। भाजपा इस मुद्दे पर सख्त कदम उठाने की मांग करती है और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार से आग्रह करती है कि आदिवासी समुदाय को पूरी सुरक्षा और न्याय मिले।

राफिया नाज ने कहा, हमारी पार्टी आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और हम राज्य सरकार से बांगलादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील करते हैं।

यदि झारखंड की बात की जाये, तो आज भी राज्य के आदिवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। न तो उन्हें उचित स्वास्थ्य व्यवस्था मिल रही है, न शिक्षा, न सुरक्षा, न रोजगार, और न ही उनका समुचित विकास हो पा रहा है।

---

## 27 लाख के चेक कराये थे बाउंस, कोर्ट ने 37 लाख भुगतान का दिया आदेश

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में विनीत भदानी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा और 37 लाख 50 हजार के भुगतान का आदेश दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे विनीत भदानी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी जो बाउंस हो गये। दरअसल विनीत भदानी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 27 लाख 13 हजार 157 रुपये के छह चेक जारी किये थे, जो बाउंस कर गये थे।

---

# सांसद प्रदीप वर्मा ने दिल्ली में चलाया जनसंपर्क अभियान


दिल्ली विधानसभा चुनाव के निमित्त शाहदरा विधानसभा के दिलशाद कॉलोनी के बूथ नंबर-130 और 151 में सोमवार को जनसंपर्क कर आगामी 5 फरवरी को इवीएम के क्रम संख्या 4 पर कमल के बटन को दबाकर भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

---

# सारा पहुंचीं देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर, गर्भगृह में किया जलाभिषेक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने पहुंचीं। वह अपनी टीम के साथ मंदिर पहुंची थीं। उन्होंने बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर कैंपस पहुंचते ही उन्हें बाबा मंदिर के मंझला खंड में ले जाया गया। मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त ने विधिवत संकल्प कराया और गर्भ गृह में ले जाकर बाबा भोलेनाथ की पूजा करायी। अभिनेत्री सारा अली खान को देखने के लिए मंदिर कैंपस में काफी भीड़ हो गयी थी। देर शाम मंदिर पहुंचने के बाद पूजा अर्चना की जलाभिषेक किया।

### श्रृंगार दर्शन में शामिल हुईं

देर शाम की पूजा-अर्चना के बाद वह रात करीब 10 बजे वापस मंदिर पहुंची। जहां वह बाबा बैद्यनाथ के श्रृंगार दर्शन में शामिल हुईं। इसके बाद मंदिर कैंपस में मौजूद अन्य 22 मंदिरों में भी उन्होंने दर्शन किये। लोगों की भीड़ उनके साथ सेल्फी और फोटो लेने को आतुर थी। हालांकि उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से तमाम इंतजाम किये गये थे। जानकारी के मुताबिक सारा अली खान इन दिनों द्वादश ज्योर्तिलिंग दर्शन करने के लिए निकली हैं। देवघर स्थित बाबा मंदिर वह ओड़िशा से सड़क के रास्ते पहुंची थीं। इस दौरान वह देवघर में 4 घंटे से अधिक का समय बिताया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 13.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



### भाजपा झारखंड संगठन पर्व के लिए चुनाव पर्यवेक्षक, चुनाव और सह-चुनाव अधिकारी की घोषणा

# अन्नपूर्णा देवी को रांची तो संजय सेठ को दुमका का बनाया गया चुनाव पर्यवेक्षक

**रांची ग्रामीण के लिए पीएन सिंह और शशिभूषण प्रसाद मेहता को मिली जिम्मेदारी**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड संगठन पर्व 2024-25 चुनाव के अंतर्गत जिला चुनाव पर्यवेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं सह-चुनाव अधिकारी की घोषणा की गयी है। पार्टी के प्रदेश चुनाव अधिकारी और सांसद प्रदीप वर्मा ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। कुल 27 जिलों (रांची महानगर, रांची ग्रामीण, धनबाद महानगर और धनबाद ग्रामीण सहित) के लिए इस संबंध में घोषणा की गयी है। इसमें केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों, विधायक, पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व मंत्रियों की भी सेवा ली गयी है। रांची महानगर के लिए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को जिला चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। रांची ग्रामीण के लिए पीएन सिंह और शशिभूषण प्रसाद मेहता को यह दायित्व मिला है। खूंटी में नारायण दास, गुमला में सत्येंद्र तिवारी और अजय मारू, सिमडेगा में बीडी राम, लोहरदगा में किशुन दास, पलामू में नीरा यादव, गढ़वा में दिनेशानंद गोस्वामी, चतरा में सीमा शर्मा, लातेहार में नीलकंठ सिंह मुंडा, हजारीबाग में समीर उरांव, रामगढ़ में सुदर्शन भगत, कोडरमा में विकास प्रीतम, गिरिडीह में अनंत ओझा, धनबाद महानगर में राज पलिवार, धनबाद ग्रामीण में बालमुकुंद सहाय, बोकारो में बडकुंवर गागराई और लक्ष्मण सिंह, जामताड़ा में भानु प्रताप शाही, दुमका में संजय सेठ, पाकुड़ में विद्युत वरण महतो, साहेबगंज में दीपक प्रकाश, देवघर में आदित्य साहू, गोड्डा में ब्रजमोहन राम, जमशेदपुर महानगर में बिरंची नारायण, पूर्वी सिंहभूम में सुनील सिंह, पश्चिमी सिंहभूम में निशिकांत दुबे और मनोज यादव तथा सरायकेला खरसावां में अमर कुमार बाउरी को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## एक चुनाव अधिकारी और दो सह चुनाव अधिकारी घोषित

**रांची।** भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने सोमवार को संगठन पर्व के कार्यों को ज़िलों में संपन्न कराने के लिए जिला चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की है। डॉ वर्मा के हस्ताक्षर से जारी लिस्ट में पार्टी के सभी 27 सांगठनिक जिलों के लिए एक चुनाव अधिकारी (डीआरओ) और दो जिला सह चुनाव अधिकारी की घोषणा की गयी है।

## रांची महानगर के लिए गीता कोड़ा चुनाव अधिकारी

सूची के अनुसार रांची महानगर जिला के लिए गीता कोड़ा चुनाव अधिकारी और सुनील साहू एवं ओम प्रकाश सह चुनाव अधिकारी, रांची ग्रामीण जिला के चुनाव अधिकारी घूरन राम सह चुनाव अधिकारी लक्ष्मण सिंह मुंडा और मनोज चौधरी सह चुनाव अधिकारी, खूंटी जिला में नंदजी प्रसाद चुनाव अधिकारी और संतोष साहू और गंदौरी गुड़िया सह चुनाव अधिकारी, गुमला जिला के लिए राकेश भास्कर चुनाव अधिकारी एवं सविंदर सिंह और भैरो सिंह खैरवार सह चुनाव अधिकारी, सिमडेगा जिला में किसलय तिवारी चुनाव अधिकारी, दुर्ग विजय सिंहदेव और श्रद्धानंद बेसरा सह चुनाव अधिकारी, लोहरदगा जिला के लिए पवन साहू चुनाव अधिकारी, बिंदेश्वर बेग और बालकृष्ण सिंह सह चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं।

पलामू में सुरेश प्रसाद साव चुनाव अधिकारी, नरेंद्र पांडे और लवली गुप्ता सह चुनाव अधिकारी, गढ़वा जिला के लिए अमरदीप यादव चुनाव अधिकारी, ओमप्रकाश केसरी और मधुलता सह चुनाव अधिकारी, चतरा जिला मनोज महतो बाजपेयी चुनाव अधिकारी, प्रदीप सिंह, नवीन साह सह चुनाव अधिकारी, लातेहार जिला रामबाबू तिवारी चुनाव अधिकारी हरे कृष्ण सिंह और लाल कौशल नाथ शाहदेव सह चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं।

हजारीबाग विनोद सिंह चुनाव अधिकारी, कैलाशपति ओझा और टुन्नू गोप सह चुनाव अधिकारी, रामगढ़ सरोज सिंह चुनाव अधिकारी, चंद्रशेखर चौधरी, संजय सिंह सह चुनाव अधिकारी, कोडरमा सुबोध सिंह गुड्डू चुनाव अधिकारी, नितेश चंद्रवंशी और जूही दास गुप्ता सह चुनाव अधिकारी, गिरिडीह शशि भूषण भगत चुनाव अधिकारी, अशोक उपाध्याय और प्रदीप साहू सह चुनाव अधिकारी, धनबाद महानगर अमित मंडल चुनाव अधिकारी, राजकुमार अग्रवाल और चंद्रशेखर सिंह सह चुनाव अधिकारी, धनबाद ग्रामीण के लिए विनय जायसवाल चुनाव अधिकारी, जयप्रकाश सिंह और विकास महतो सह चुनाव अधिकारी, बोकारो चुन्नूकांत चुनाव अधिकारी, वीरभद्र प्रसाद और ईश्वरचंद्र प्रजापति सह चुनाव अधिकारी जामताड़ा बबन गुप्ता चुनाव अधिकारी, सुकुमनी हेंब्रम, मितेश साह सह चुनाव अधिकारी, दुमका शैलेंद्र सिंह चुनाव अधिकारी, सुरेश मुर्मू और बबलू मंडल सह चुनाव अधिकारी, पाकुड़ दिलीप वर्मा चुनाव अधिकारी, मीरा प्रवीण और कामेश्वर दास सह चुनाव अधिकारी, साहेबगंज संजीव जजवाड़े चुनाव अधिकारी, कृष्णा महतो और कृपानाथ मंडल सह चुनाव अधिकारी, देवघर राज सिन्हा चुनाव अधिकारी, दिवाकर गुप्ता और राकेश नरौने सह चुनाव अधिकारी, गोड्डा अभय सिंह चुनाव अधिकारी, अजय साह और अनीता सोरेन सह चुनाव अधिकारी, जमशेदपुर महानगर मनोज कुमार सिंह चुनाव अधिकारी, मिथिलेश सिंह यादव और खेलाराम बेसरा सह चुनाव अधिकारी, पूर्वी सिंहभूम आरती कुजूर चुनाव अधिकारी, सुमन कल्याण मंडल और गुरुचरण रजवार सह चुनाव अधिकारी, पश्चिम सिंहभूम अशोक शर्मा चुनाव अधिकारी, जगदीश पाट पिंगुवा और गोविंद पाठक सह चुनाव अधिकारी, सरायकेला खरसावां जिला के लिए जटाशंकर पांडेय चुनाव अधिकारी, विजय महतो और देवाशीष राय सह चुनाव अधिकारी बनाये गये हैं।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के पुत्र राजवर्धन एवं यशवर्धन के उपनयन संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होने उनके कॉ-ऑपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्थित आवास पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजवर्धन एवं यशवर्धन को आशीर्वाद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# आज से आमंत्रित किये जायेंगे नये स्टार्टअप आइडिया




**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर, पोर्टल के माध्यम से एप्लिकेंट अपने आइडियाज दे सकेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर 7 दिसंबर 2023 को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य की नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 को स्वीकृति मिली थी। अब झारखंड सरकार द्वारा राज्य में नयी झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के तहत http://abvil.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से नये स्टार्टअप आइडिया 4 फरवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। जहां इस पोर्टल के माध्यम से एप्लिकेंट अपने आइडियाज दे सकेंगे।

राज्य में नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 लागू है, जिसके सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए एबीवीआइएल का गठन कंपनीज एक्ट 2013 के तहत सेक्शन 8 के रूप में किया गया है। इस एजेंसी का कार्य राज्य में स्टार्टअप का चयन करना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देना और पॉलिसी में प्रावधानित फिस्कल व नॉन फिस्कल इंसेंटिव्स का कॉमन इंसेंटिव डिसबर्समेंट गाइडलाइन के तहत क्रियान्वयन करना है। सीएम ने पुरानी स्टार्टअप पॉलिसी 2016 को रद्द करते हुए 7 दिसंबर 2023 को नयी पॉलिसी (नयी झारखंड स्टार्टअप नीति 2023) को स्वीकृति दी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग ने इसे अधिसूचित कर दिया है। इसी के साथ 2016 में लागू नीति रद्द कर दी गयी है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| वृष | कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, लाभकारी वातावरण की शुरुआत। |
| मिथुन | शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता, गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। |
| कर्क | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| सिंह | आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी, विपरीत परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा। |
| कन्या | नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे। |
| तुला | विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| वृश्चिक | राजनीतिक संपर्क बढ़ेगा, चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, नौकरी में शुभ परिवर्तन। |
| धनु | रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय। |
| कुंभ | स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा आमदनी से खर्च अधिक होगा। |
| मीन | परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

# एसबीयू में इस्ट जोन चेस चैंपियनशिप का उद्घाटन

**8 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 26 विश्वविद्यालयों के 180 से ज्यादा प्रतिभागी शिरकत कर रहे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) द्वारा आयोजित इस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) 2024-25 का उद्घाटन सोमवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। 8 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 26 विश्वविद्यालयों के 180 से ज्यादा प्रतिभागी शिरकत कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआइयू में संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने इस अवसर पर अपने संबोधन में एआइयू की तरफ से उपस्थित सभी प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों के अथक परिश्रम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि आनेवाले समय में एसबीयू राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करवा पाने में सक्षम होगी। उन्होंने भारतीय शतरंज के सबसे कम उम्र के चैंपियन का उल्लेख करते हुए इस प्रतियोगिता से भी इसी तरह के चैंपियन निकलने की उम्मीद भी जतायी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ गोपाल पाठक ने राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा से इस आयोजन की मिली प्रेरणा का जिक्र करते हुए इस टूर्नामेंट की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि अगले 5 दिनों में हमें इस प्रतियोगिता के माध्यम से कई और प्रतिभाएं भी अवश्य दिखेंगी। कुलपति डॉ सी जगनाथन ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस आयोजन को विश्वविद्यालय के लिए गर्व करार दिया। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें एवं उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विशिष्ट अतिथि डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य, एआइयू के ऑब्जर्बर डॉ एनआर रामकुमार एवं विवि के कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह ने भी संक्षेप में संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ अशोक अस्थाना और धन्यवाद भाषण सुभाष शाहदेव ने दिया। इस अवसर पर एआइयू के चीफ आर्बिटर असित वरुण चौधरी, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के सचिव मनीष कुमार एवं रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के सचिव नवजोत अलंग भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## झारखंड में ठंड से राहत, हो गयी गर्मी की शुरुआत

**रांची।** ठंड ने झारखंड को अलविदा कह दिया है. अब गर्मी का आगाज हो गया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक बढ़ चुका है। दिन में गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक बढ़ा चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। रांची का न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं मंगलवार और बुधवार को राजधानी और आसपास के इलाकों में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है। वहीं अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है।

# प्रतिबंधित दवाई का कारोबार करने वाला युवक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रतिबंधित दवाई के कारोबार करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना की पुलिस ने कारवाई करते हुए नशीले और प्रतिबंधित दवाई के कारोबार करने के आरोप में शैलेश कुमार नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास भारी मात्रा में दवाई बरामद हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोकर स्थित तान्या मेडिकल दुकान में प्रतिबंधित दवाई का कारोबार किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने वहां छापेमारी की। उसके बाद शैलेश को पकड़ा। फिर उसके निशानदेही पर भाभा नगर स्थित उसके घर पर भी छिपाकरकर रखे गये दवाई को बरामद किया।

### झारखंड में पिछले 10 साल में रेलवे का बजट सोलह गुना हो चुका है : अश्विनी वैष्णव

# 2014 से अबतक राज्य में 1311 किमी नये ट्रैक बिछाये गये : जसमीत एस बिंद्रा






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पिछले 10 वर्षों में (2009-14 से 2025-26) झारखंड में रेलवे का बजट सोलह गुना हो चुका है। सोमवार को नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अलग-अलग रेल मंडल के पदाधिकारियों को जानकारी देते रेल मंत्री (यूनियन) अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस बार के बजट में झारखंड में रेलवे के लिए अच्छे प्रयास हुए हैं। पिछले दस सालों की तुलना में 457 करोड़ रुपये से बजट 7302 करोड़ का हो चुका है जो सोलह गुना है। साथ ही उन्होंने झारखंड में रेलवे के 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाइड होने पर खुशी जाहिर की। इसके बाद डीआरएम जसमीत एस बिंद्रा ने मीडिया को विस्तृत जानकारी देते कहा कि 2009-14 के दौरान प्रतिवर्ष औसतन 57 किमी नये ट्रैक बिछाये गये जबकि 2014-25 के दौरान 119 किमी जो दोगुने से भी अधिक है। इसी अवधि में 100 फीसदी विद्युतीकरण का कार्य भी झारखंड में हुआ। 2014 से अबतक राज्य में 1311 किमी नये ट्रैक बिछाये गये। राज्य में फिलहाल नये ट्रैक बिछाने को 34 प्रोजेक्ट चल रहे हैं। 3251 किमी के इन ट्रैक के बिछाये जाने पर 56694 करोड़ रुपये व्यय होंगे। 57 अमृत स्टेशनों को विकसित किये जाने का कार्य जारी है जिस पर 2134 करोड़ की लागत आनी है। कवच के लिए 400 टेंडर/वर्क्स प्रोग्रेस में हैं जिस पर 1693 करोड़ की लागत आनी है। 2014 से अबतक राज्य में 445 रेलवे फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज बनाये गये हैं। झारखंड से 12 वंदे भारत ट्रेन अलग-अलग राज्यों (बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा) के लिए चलायी जा रही है जो राज्य के 14 जिलों से 22 स्टेशनों पर सेवा देते चलायी जा रही है। रांची, हटिया और टाटानगर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है जिस पर कुल लागत 1147 करोड़ की आनी है। रांची स्टेशन के लिए 444 करोड़, हटिया के लिए 355 और टाटानगर के लिए 348 करोड़ रुपये तय हैं। मौके पर रेलवे अधिकारी निशांत कुमार, लक्ष्मण कुमार, हेमराज मीणा, साकेत कुमार सहित अन्य भी मौजूद थे।

# कोल इंडिया अंतर कंपनी कैरम टूर्नामेंट का आगाज



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ के रबींद्र भवन में 03 फरवरी से 05 फरवरी तक आयोजित तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कंपनी कैरम टूर्नामेंट 2024-25 का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार, जेसीसी सदस्य अशोक यादव, आरपी सिंह एवं देवेंद्र तिवारी, महाप्रबंधक (का एवं प्र) संजय कडंबार, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

मौके पर श्री कुमार ने कहा कि यह टूर्नामेंट अंतर कंपनी के खिलाड़ियों से मिलने, विचार एवं अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करता है। खेल भावना में हार-जीत का कोई स्थान नहीं होता है। खेल हमें बेहतर करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं निदेशक (तकनीकी और पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। इस टूर्नामेंट में सिंगल्स एवं डबल्स ओपेन एवं टीम चैंपियनशिप का मुकाबला होगा।

## तिलैया में दो दिनों में दो जगह चोरी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरो का आंतक जारी है। दो दिनों मे दो अलग अलग घटना घटी। बताया जाता है कि गांधी रोड और बजरंग नगर में स्थित मकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। गांधी स्कूल रोड स्थित मकान के मालिक अरुण मोदी ने अपना घर गैस पाइपलाइन कंपनी के कर्मचारियों को किराये पर दिया है। स्कूल घटना उस समय हुई, जब किरायेदार सुबह 10 बजे काम पर गये थे। शाम 5 बजे जब वे वापस लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। मकान मालिक की बहन मनोरमा देवी को सूचना दी गयी। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो दरवाजा तोड़कर औंदर प्रवेश किया गया। अंदर का नजारा देख सभी हैरान रह गये। मकान मालिक का बंद कमरा खुला मिला और सारा सामान बिखरा हुआ था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे थे। फिलहाल मकान मालिक के आने के बाद ही चोरी हुई वस्तुओं और नुकसान का सटीक आकलन हो पायेगा। सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर का है। घर के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि उनकी मां बजरंग नगर के वास स्थित पानी टंकी के पास एक क्वार्टर में रहती है। वह शनिवार को अपनी मां के पास गये हुए थे। रविवार को वापस घर लौटने पर उन्होंने घर के भीतर सभी सामान को बिखरा पाया। इस दौरान उन्होंने देखा कि घर के एलबेस्टस शीट को अपराधियों द्वारा तोड़कर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसमें करीब 3 लाख रुपये के जेवर और 10 हजार नगदी की चोरी की गयी है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना तिलैया पुलिस को दी गयी है।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल बारकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता, गौतम उरांव, कृष्णा प्रजापति, मधुसूदन प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बच्चों को उनके भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण संदेश देते हुए एक अच्छा इंसान बनने का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक डॉ आइपी भारती ने कहा आप सभी आज से एक नया अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं आपके सामने कई चुनौतियां होंगी लेकिन मुझे विश्वास है कि आप सभी उन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। वहीं प्राचार्या स्वाति रंजन ने कहा सभी छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। आपको अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किये और अपने भविष्य के बारे में बात की। मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को डॉ आई पी भारती ने शॉल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को उपहार और उपस्थित माता-पिता को शॉल देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के अंत में स्कूल के निदेशक और प्रधानाध्यापिका ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशा व्यक्त की।

## झारखंड कॉलेज में इंटर सेकंड वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित झारखंड कॉलेज में इंटर द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा क्षेत्र के सभी स्कूल कॉलेज को उत्थान करेंगे। साथ ही कहा बड़कागांव में झारखंड कॉलेज बहुत दिनों से सेवा भावना के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते आ रहा है। आगे उन्होंने कॉलेज में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहां जहां भी जाइये समाज के विकास में अपना तन मन लगाए रखें। हमारी जरूरत जहां भी पड़ेगी हम आप लोग के साथ हमेशा खड़ा रहेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डी पाणिनि आइएएस अकादमी के डायरेक्टर डॉ प्रकाश कुमार ने कहा की झारखंड कॉलेज छोटे इलाका में संचालित एक बड़ा कॉलेज है इसके बच्चे जब हजारीबाग जाते हैं तो बेहतर रिजल्ट करते हैं। उन्होंने यह भी कहा की बड़कागांव के छात्र को कई सरकारी पदों पर असिन करने का सौभाग्य मिला है। जिसमें झारखंड कॉलेज का योगदान कम नहीं है, मौके पर कॉलेज के छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। साथ ही कॉलेज द्वारा टेस्ट एग्जाम में टॉप फाइव स्टूडेंट को पुरस्कार और मैडल देखकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। टेस्ट में प्रथम स्थान आदित्य कुमार, द्वितीय स्थान सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, शाहीन परवीन, आनंद कुमार, चितरंजन, नेहा कुमारी, मिना कुमारी, सोनी कुमारी, टॉप किया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कालेज प्राचार्य विनोद यादव और संचालन सूरज कुमार दास ने किया। मौके पर मुख्य रूप गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो, आचेस्वर राम, नवलेश यादव, विपिन कुमार, तारकेश्वर कुमार, रंजीत कुमार, मोहम्मद मुदस्सर, धर्मनाथ कुमार, सूरज कुमार दास, अनुज कुमार यादव, धीरेंद्र प्रसाद सहित साथ सैकड़ों छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार, मुंसफ मजिस्ट्रेट ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि बाल मजदूरी, बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है। अपने बच्चों को उचित शिक्षा दे, ताकि अपना भविष्य उज्जवल कर सकें। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में बेरोजगारी अहिंसा का मुख्य कारण शिक्षित ना होना है। जिसके कारण लोग आम बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करना, आपस में लड़ झगड़ कर केस मुकदमा के जाल में फस जाना। ऐसे ना करें कोई काम बिना सोचे समझे ना करें, कोई गलत कदम ना उठाएं ताकि आपको कोर्ट कचहरी का चक्कर काटना पड़े। बीडीओ ओमप्रकाश बधाई ने कहा कि आज सरकार महिलाओं को सशक्तिकरण करने के लिए जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को तरह-तरह के बागवानी आदि कार्य करने के लिए महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से ग्रुप के जरिए सरकार पैसे भी दे रही है। सीओ केशव प्रसाद ने कहा कि जमीन विवाद को लेकर ना पड़े जमीन विवाद हो तो आपस में मिलकर उसे निपटने का प्रयास करें, कोर्ट कचहरी के चक्कर में ना पड़े। मौके पर रिजवी हसन, विकास कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, कमलेश प्रसाद यादव, जेएसएलपीएस के बीएमपी सुधीर कुमार, सालेहा खातून, सुरेंद्र कुमार, राजेश पासवान, इकबाल अंसारी, उत्तम कुमार, उज्जवल कुमार, सुमेश पांडेय के अलावा दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया एनएच बाइपास बजाज शोरूम के पास सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत घटना स्थल पर हो गयी। जिसके बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। घटना के बाबत बताया जाता है कि तिलैया थाना अंतर्गत असनाबाद टॉप गली मो सद्दाम (पिता नौशाद अंसारी) अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी सड़क के किनारे खड़े एक स्कॉर्पियो वाहन में संतुलन बिगड़ने के बाद टक्कर मार दी जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। मृतक सद्दाम मुंबई में निजी कपड़ा कंपनी में सिलाई का काम करता था और अभी हाल ही में घर पहुंच था। यह भी बताया जाता है कि घटना उस समय हुई जब सद्दाम एक युवती को उसके घर चंदवारा छोड़ने जा रहा था। उसी दौरान उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी एक स्कॉर्पियों से टकरा गयी। हादसे में युवती को मामूली चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। तिलैया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मोटरसाइकिल और स्कूटी में टक्कर, तीन लोग घायल:** जयनगर थाना क्षेत्र के हीरोडीह में सोमवार को एक बुलेट मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान हीरोडीह निवासी आदित्य आनंद उम्र 12 वर्ष पिता संजय राणा और संजय राणा उम्र 48 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति की पहचान इमरान खान कटहाडीह निवासी के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

**ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घायल :** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में सीएम हाई स्कूल के समीप सोमवार को एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान घरबरियाबर निवासी शंकर राणा (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वे अपने बाइक से घर जा रहे थे। हाई स्कूल के समीप ट्रक की चपेट में आ गये और बाइक सवार घायल हो गये। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### बाइक की चपेट में आने से महिला गंभीर

**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत महथाडीह में सोमवार को बाइक की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान महथाडीह निवासी बचिया देवी (उम्र 40 वर्ष, पति गणेश राम) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला अपने घर के समीप सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** मौनी अमावस्या के बाद अब फरवरी में अमृत स्नान की तिथियों पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे के साथ बस संचालकों ने भी बसो की बुकिंग कर दी है। अभी तक कोडरमा जिला से लगभग 25 बसें प्रयागराज गयी है। कोडरमा जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष धमेन्द्र यादव उर्फ बंशी यादव ने बताया कि फरवरी माह से झुमरी तिलैया व कोडरमा से खुलेगी। इधर कई लोग अपनी वाहन से भी प्रयागराज जा रहे हैं। बताते चले कि प्रयागराज में कोडरमा के महामंडलेश्वर सुखदास जी महाराज के द्वारा अस्थायी टेंट का निर्माण किया गया है, जहां कि रहने खाने के साथ-साथ प्रतिदिन भजन कीर्तन भागवत रास लीला जैसे आयोजन किये जा रहे है। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों के साथ ही नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की घोषणा की है। पूरे फरवरी माह के दौरान अलग-अलग ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जायेंगे। अमृत स्नान की तिथियों से पहले कुंभ स्पेशल बसें भी चलेंगी। वहीं 12495 बीकानेर कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस में 6, 13 और 20 फरवरी को एक सेकेंड और एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच, 12496 कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस में 7, 14 और 21 फरवरी को एक सेकेंड व एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच, 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस में 1 से 28 फरवरी तक एक अतिरिक्त थर्ड एसी इकोनामी कोच, 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस में 2 फरवरी से 1 मार्च तक एक अतिरिक्त थर्ड एसी इकोनामी कोच लगाया गया है।

### डीजे लदा वाहन पोल में टकराया तीन घायल

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढाब में सोमवार को जनवरी मुसहर की मां की मौत के संस्कार करने के लिए ले गया डीजे संतुलन खोकर पोल में टकराया जिससे तीन युवक घायल हो गये। बताया जाता है कि सोमवार को जब उक्त महिला का शव संस्कार करके पिकअप वापस आ रहा था, ड्राइवर ने नशे की हालत में पोल में टकराया जिससे तीन युवक घायल हो गये। घायलों को आनन फानन में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां घायल करण कुमार (17 वर्ष, पिता शंकर मुसहर), सूरज कुमार (30 वर्ष पिता योगेंद्र मुसहर) ग्राम ढाब का प्राथमिक उपचार कर कोडरमा रेफर किया गया वहीं एक और घायल को गोविंदपुर की ओर ले जाया गया जहां से उसे नवादा रेफर किया गया।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कोडरमा को मिला दूसरा स्थान

> इसका उद्देश्य टूर ऑपरेटर, टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंटों के कौशल को विकसित करना था



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड पर्यटन निदेशालय द्वारा पर्यटन उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए निःशुल्क आवासीय 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 27 जनवरी से 31 जनवरी तक रांची में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य टूर ऑपरेटर, टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंटों के कौशल को विकसित करना था। इस प्रशिक्षण में झारखंड के 16 जिलों से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें कोडरमा जिले के तीन प्रतिभागी मोहम्मद आरिफ,शालिनी कुमारी और दीपक कुमार ने भाग लिया। जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कोडरमा को दूसरा स्थान मिला। इन प्रतिभागियों को पर्यटन उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिससे वे पर्यटन क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और अधिक कुशल बना सकें। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये, जिससे उन्हें पर्यटन क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित यह पूरी तरह से आवासीय कार्यक्रम था, जिससे प्रतिभागियों को केंद्रित और व्यावहारिक प्रशिक्षण का लाभ मिला। बताते चले कि यह पहल झारखंड के पर्यटन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और सेवा गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से की गयी है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के पर्यटन व्यवसाय को और अधिक सशक्त बनायेंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेंगे।

## हजारीबाग प्रेस क्लब में मां सरस्वती पूजा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग प्रेस क्लब में दूसरी बार मां सरस्वती की पूजा भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो रही है, विद्या, बुद्धि और संगीत की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक स्थापित किया गया। पूजन कार्यक्रम की शुरूआत सुबह करीब 11 बजे मंत्रोच्चारण के साथ हुई। पुजारी ओमप्रकाश मिश्रा और अजय मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया, यजमान के रूप में हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी, सचिव विस्मय अलंकार के साथ उनकी धर्मपत्नी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह, सदस्य भव्या कुमार सहित कई लोगों ने पूजा अर्चना किया। पूजा स्थल पर शहर के कई पदाधिकारी, पत्रकार, बुद्धिजीवी, लेखक, शिक्षाविद और समाजसेवी उपस्थित होकर मां सरस्वती के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जीप चेयरमैन उमेश मेहता, सदर एसडीओ राम



किशोर प्रसाद, सदर सी.ओ मयंक भूषण, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु प्रशांत कुमार, पूर्व महापौर आनंद देव, 20 सूत्री दारू प्रखंड अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, समाजसेवी भैया अभिमन्यु प्रसाद, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी, वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर मेहता, कांग्रेस नेता अवधेश सिंह, वीरेंद्र सिंह,सब इंस्पेक्टर राणा जंगबहादुर सिंह, विनय सिंह, प्रभात सिंह, मुकेश कुमार, ट्रैफिक प्रभारी श्रवण कुमार, समाजसेवी गणेश सिंह सीटू, समाज सेवी सुनील कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, राजकरण पांडे सहित कई लोग उपस्थित हुए। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ इस पावन अवसर को सफल बनाने में योगदान दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मां सरस्वती पूजा का यह भव्य आयोजन हमारी संस्कृति और परंपरा का एक सुंदर उदाहरण है। सदर एसडीओ राम किशोर प्रसाद ने कहा की हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मां सरस्वती पूजा ज्ञान और संस्कृति का प्रतीक है। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा की हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मां सरस्वती पूजा का यह आयोजन ज्ञान, संस्कृति और परंपरा का अनुपम संगम है। सदर सीओ मयंक भूषण ने कहा की हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मां सरस्वती पूजा एक शानदार प्रयास है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखता है। हजारीबाग प्रेस क्लब सरस्वती पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह ने पूजा-अर्चना के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की मां सरस्वती की कृपा से हजारीबाग प्रेस क्लब में दूसरी बार ऐतिहासिक रूप से सरस्वती पूजा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

### सरस्वती पूजा धूमधाम से संपन्न

**हजारीबाग/कोडरमा।** विद्या की देवी सरस्वती माता की पूजा हजारीबाग, कोडरमा, विष्णुगढ़, बड़कागांव, टाटीझरिया, केरेडारी, सतगावां, बरकट्ठा समेत विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गयी। इस अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग इंस्टिट्यूट व विभिन्न चौक चौराहों में मां शारदे की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर पुरे भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गयी। पूजा अर्चना सुबह से दोपहर बाद तक जारी रहा। विधि विधान से पूजा अर्चना आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सभी पूजा पंडालों को वंदनवारों व जगमगाती सिरींच बल्बों की रौशनियों से सजाया गया था।

## सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का अचला सप्तमी पर सूर्य पूजनोत्सव आज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की हजारीबाग जिला इकाई की ओर से चार फरवरी की सुबह 9.30 बजे से सूर्य सप्तमी अर्थात अचला सप्तमी का आयोजन भक्तिभाव से किया जायेगा। इसमें महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र शामिल होंगे। इस आशय का निर्णय रविवार को न्यूज एरिया पहली गली स्थित शंकर मिश्र के आवास प्रांगण महा कल्याणेश्वर शिव मंदिर परिसर की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप पाठक ने बताया कि सूर्य पूजनोत्सव होगा। इस दौरान आदित्य हृदय स्रोत का पाठ 11 शाकद्वीपीय ब्राह्मण करेंगे। उसके बाद खीर-पूड़ी और बुंदिया का भोग वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जायेगा। इस बीच शंकर मिश्र और उनकी टीम संगीतमय भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिरस में डुबो देंगे। कार्यक्रम में जिलेभर से शाकद्वीपीय समाज से सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु जुटेंगे। बैठक में प्रांतीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक, जिला अध्यक्ष प्रदीप पाठक, सचिव शंकर चंद्र पाठक, उपाध्यक्ष शंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष उपेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, युवा कमेटी सचिव अनुज पाठक, शशि भूषण उपाध्याय, उज्जवल पाठक आदि उपस्थित थे।

## एसटी आवासीय विद्यालय की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इस निमित लोगों ने प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम कसियाटांड़ में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का निर्माण कराने की मांग की है। वहीं लोगों ने बताया कि इसके लिए परती जमीन भी उपलब्ध है। मौके पर अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, समाजसेवी सुनील मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, रामू मरांडी, शिवलाल मुर्मू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बारह वर्षीय चैत रामनवमी और काली पूजा मनाने को लेकर भूमि पूजन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत सुदन के ग्राम कटघरा में 12 वर्षीय चैत रामनवमी और काली पूजा को लेकर पूरे ग्रामीणों ने गाजें- बाजें के साथ बरियौन होते हुए बराकर नदी घाट पहुंचे जहां बसंत पांडेय पुजारी कैलाश सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन गंगा पूजन कर पुनः कटघरा काली मंडप पहुंच कर मिट्टी रखाई का कार्य किया गया। ज्ञात हो कि ग्राम कटघरा में प्रत्येक बारह वर्ष के बाद इस तरह का चैतराम नवमी पूजा कार्यक्रम का आयोजन होते आ रहा है। पुजा समिति अध्यक्ष भीखी सिंह सिंह ने बताया कि 30 मार्च 25 से 6 अप्रैल 25 तक कथा वाचिका देवी अर्चना वैष्णवी के मुखारविंद से प्रवचन की जायेगी। वहीं 7 अप्रैल 25 को झारखंड के स्टार भजन गाईका मनीता और प्रकाश पंडित का ग्रूप के साथ जागरण कार्यक्रम। 8 अप्रैल 25 को ज्योति माही, धनंजय शार्मा और धीरज पांडेय का स्टेज प्रोग्राम का आयोजन 9 अप्रैल 25 को मूर्ति विसर्जन का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष रामप्रसाद यादव, पप्पू ठाकुर सचिव वासुदेव यादव कोषाध्यक्ष संजय सिंह चैन किया गया है।

## कांग्रेस के जिला महासचिव ने नेताओं का किया स्वागत




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव और पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और सह प्रभारी बेला प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो और झारखंड सरकार के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर का स्वागत किया। रात्रि के करीब ग्यारह बजे के आसपास इन्होंने बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर इन नेताओं को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत करने वाले में कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी और मुखिया संघ के जिला महासचिव सह पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव सहित कोई लोग शामिल थे।

# बाबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



### महोत्सव में होंगे कई कार्यक्रम, सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के नेहरू रोड स्थित नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम बाबा का ज्योत और शीश स्थापित किया गया। राजस्थान के खाटू दरबार से लाये गये श्री श्याम बाबा के शीश और जोत को गाजे बाजे के साथ स्थापित किया। सोमवार को बाबा श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ शहर के नेहरू रोड स्थित नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर धाम परिसर से शुरू होकर गांधी घाट स्थित दामोदर नदी पहुंची। यहां पुरोहित के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवा कर कलश में जल भरवाया। इसके बाद पुनः मंदिर पहुंचकर कलश की स्थापना के साथ पांच दिवसीय अनुष्ठान आरंभ हो गया। वही, भारतवर्ष के हर नदी से कोने-कोने से समुद्र से जल को मंगवाया गया है। बनारस के प्रकांड विद्वान पंडित बाबा की पूजा अर्चना करके स्थापना करेंगे। कलश यात्रा में हजारों महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने इस कलश यात्रा में भाग लिया।

**751 महिलाएं और कुंवारी कन्याएं माथे पर कलश धारित कर कलश यात्रा में हुई शामिल:** कलश यात्रा में 751 महिलाएं और कुंवारी कन्याएं माथे पर कलश धारित कर कलश यात्रा में शामिल हुई। इसके अलावा सैकड़ों श्याम भक्त हाथों में ध्वज लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए।

**कलश यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों भक्त:** बाबा की सेवा में समर्पण करने के लिए श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट और श्री श्याम महिला परिवार की सभी सदस्य उपस्थित थीं। पांच मुख्य जजमान ने सबसे पहले सपत्नीक कलश की पूजा की। जिसे वेद मित्रों के साथ बनारस से आए हुए विद्वान पंडितों ने कराया। यह भव्य शोभायात्रा थाना चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार एवं नेहरू रोड होते हुए बाबा श्याम की मंदिर में प्रवेश की। यहां श्याम भक्त बाबा श्याम के गीतों पर झूमते नजर आये।

**लोगों में वितरित हुआ प्रसाद :** मंदिर के ठीक सामने प्रसाद भोजन की व्यवस्था की गयी जिसमें हजारों हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस प्रशासन की टीम थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में और ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गजेंद्र पांडे के निर्देशन में पूरी तरह सेवा में पुरुष और महिला टीम के साथ जुटे रहे। उनके चेहरे पर भी भक्ति की खुशबू नजर आ रही थी। बाबा श्याम के दरबार में ध्रुव सिंह, विष्णु शर्मा, निखिल गोयल, कमल बगड़िया और अनेक भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे।

**भक्तों पर होती रही फूलों की वर्षा :** कलश यात्रा में श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष, सावर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल इस भव्य निशान के आगे आगे चल रहे थे। पांच मुखी जजमान ओमप्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, ऋषभ पटवारी, विष्णु पोद्दार, ऋषभ संजय मथुरा वाले सपत्नीक कलश उठाकर आगे आगे चल रहे थे। पूरे रास्ते फूलों की वर्षा हो रही थी और गुलाल से सड़क को पाट दिया गया था।

## माता वैष्णो देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव



रामगढ़। शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव सोमवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर जय माता दी के जयकारे से गूंजता रहा। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सुसज्जित वाहन पर माता का विशाल चित्र रखा गया था। इसके पीछे नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ के कलाकार भजन गायक राजू कैंथ, प्रीति पांडे व शालू विश्वकर्मा ने सांची जोतो वाली माता तेरी जय हो, गनपत तेरा साथ है हमारा तुम्हारा, रामगढ़ वाली मंईया तेरी शान निराली, मंईया की कृपा जिसपे हो जाय मौज उड़ाए आदि भजन गाते हुए अपनी पूरी टीम के साथ चल रहे थे। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और श्रद्धालु भी माता का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान शिवाजी रोड स्थित गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा के आगे शतचंडी यज्ञ के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला साथ-साथ चल रहे थे। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव नरेश चंद्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, हेमेंद्र सौंधी, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्ढा, बलवंत राय मारवाह, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, संजीव चड्ढा, मनीष मारवाह, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह, संजीव धमीजा, हरिओम भसीन, प्रवीण शर्मा सहित बिरादरी के सभी सदस्यों के अलावे श्रद्धालु शामिल थे।

## चतरा में लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** लावालौंग थाना की पुलिस ने हथियार का भय दिखाकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि बीते दिन माली गांव के समीप हथियार के भय दिखाकर बंदारू निवासी प्रवील गंझू के साथ तीन बदमाशों ने लूटपाट करने की प्रयास किया था। जिसे पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार और ग्रामीणों के सहयोग से लुट का प्रयास करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त चंदन यादव ग्राम भुरहा तथा मुकेश यादव ग्राम मेदवाडीह,दोनों कुंदा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं तथा तीसरा कौशल कुमार यादव लावालौंग थाना क्षेत्र के चानी गांव का रहने वाला है। इन लोगों के पास से एक देशी पिस्टल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वही तीनों आरोपियों के खिलाफ लावालौंग कांड संख्या 10/25 धारा 309 (6) इठर और 11/25 धारा 25 (1-इ) अ/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी रूपेश कुमार, आशीष प्रसाद पु.अ.नी और सुधीर कुमार एएसआइ और अन्य शामिल थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
Fuelling Sustainable Growth

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## मां सरस्वती की धूमधाम से पूजा संपन्न



**रामगढ़/चतरा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़, चतरा, रजरप्पा, उरीमारी, कुजू, भुरकुंडा, गोला में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम के साथ मनायी गयी। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की गयी। पूजा अर्चना के दौरान मां सरस्वती से छात्रों ने लिया वरदान इस दौरान अलग-अलग पूजा स्थलों को छोटे बड़े पंडाल बनाये गये, विद्यादायिनी देवी की आरती की गयी मनोकामना के लिए छात्रों ने पूजा अर्चना में भाग लिया आशीर्वाद प्राप्त किया, पूजा पंडाल पर भक्ति के गीतों से पूरा गूंजायमान रहा दिनभर भक्ति में डूबा रहा।

## श्री कृष्णा स्वीट्स एंड ड्राई फ्रूट्स दुकान में चोरी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी से महज एक सौ मीटर की दूरी पर कुजू चौक स्थित श्री कृष्णा स्वीट्स एंड ड्राई फ्रूट्स दुकान में बीती रात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने शीट तोड़कर नगद तीन हजार रुपये और करीब 8 हजार रुपये मूल्य के ड्राई फ्रूट्स भी ले भागे। भुक्तभोगी संचालक विनोद प्रसाद ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की सुबह दुकान को खोलने पर देखा कि समान बिखरा पड़ा। चोरी होने की आशंका पर उन्होंने तत्काल कुजू ओपी पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर छानबीन की। भुक्तभोगी विनोद प्रसाद ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रविवार की रात दुकान बंद कर घर चले गये। सोमवार की सुबह दुकान आने पर उन्होंने देखा कि शीट टूटी हुई है। साथ ही, गल्ले में रखे नगद 3 हजार रुपये व करीब 8 हजार रुपये मूल्य के ड्राई फ्रूट्स गायब हैं। इधर, पास स्थित अनंत रेडिमेड कपड़ा दुकान में चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं रहे। बताते चले कि कुजू ओपी क्षेत्र में इन दिनो चोरों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। जिस तरह से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है इससे लगता है कि चोरों के अंदर पुलिस का डर ही खत्म हो गया है। जिसका नतीजा यह है कि थाने से कुछ दूरी पर ऐसे घटना को अंजाम देने से भी नहीं चुक रहे है।

## प्रयागराज में मरनेवाले श्रद्धालुओं को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा थाना मैदान स्थित श्रीश्री 108 खेपा बाबा आश्रम में रविवार की शाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रयागराज में मृत्यु होने वाले व्यक्तियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अगरबत्ती जलाकर मौन रखा गया। श्रद्धांजलि देने वालो में श्रीश्री 108 खेपा बाबा, बृजनंदन उर्फ बाबू भुंइया, सतीश कुमार, मिथिलेश पासवान, अजय यादव, रोहित मिश्रा, सत्यनारायण महतो, आनंद महतो, कारण पासवान, रंजीत कुमार, कुंती देवी, गीता देवी, रीना देवी, मेघा कुमारी, प्रमिला देवी, सोनाली, लीला देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## सरस्वती पूजा का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकालें: ओपी प्रभारी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने सरस्वती पूजा को लेकर प्रबुद्ध लोगों के साथ दिगवार पंचायत सचिवालय में रविवार की रात्रि बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने लोगों से मूर्ति विसर्जन समय पर करने, अश्लील गाने नहीं बजाने के साथ साथ आपस में झगड़ा झंझट आदि कार्य नहीं करने का आग्रह किया। इस पर लोगों ने पूर्ण विश्वाश दिलाया कि विसर्जन जुलुश पूरे शांति तरीके से होगा। मौके पर वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, द्वारिका प्रसाद भंडारी, दिवाकर गिरी, मनोज गिरी, मो शमीम अंसारी, प्रदीप यादव, चंदन कुशवाहा, पंकज कुमार, रवि कुशवाहा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# गोला में महिला की हुई निर्मम हत्या

### परिजनों ने थाना में किया जमकर हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के परसाडीह कुसुमडीह स्थित पुल में भूचूंगडीह निवासी विजय निषाद की पत्नी संगीता देवी 37 वर्ष की हत्या कर दी गयी। शव को बोरा में डाल पुल के नीचे फेक दिया गया था। सुबह-सुबह सौच के लिए निकले ग्रामीणों ने शव को देख पुलिस को इसकी सुचना दी। शव से बदबू आ रहा था। इधर शव मिलने के बाद आक्रोषित ग्रामीणों ने गोला थाना गेट के समक्ष जमकर हो हंगामा किया। हो हंगामा बीच सडक पर हो रही थी। जिसके कारण कुछ देर के लिए सडक जाम हो गयी। परिजनों ने बताया कि संगीता देवी पिछले 26जनवरी से लापता थी। इसकी जानकारी रजरप्पा थाना में दी गयी। लेकिन वहां कि पुलिस कोई मदद नहीं की। उल्टा हमलोगों को नवीन पांडे और सतेंद्र मिश्रा डांट फटकार लगाकर भगा दिया। परिजनो ने यह भी बताया कि अगर पुलिस सतर्क रहती तो संगीता देवी की जान बच जाती। शव मिलने के बाद गोला थाना प्रभारी लीपापोती में लग गये। आक्रोशित ग्रामीण गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप को निलंबित करने की मांग कर रहे थे।

**महिला को जान से मारने की मिली थी धमकी**

मृतक महिला को कुछ दिन पहले से जान से मारने की धमकी मिल रही थी। थाना में दिए आवेदन में मृतक की बेटी साक्षी कुमारी ने आरोप लगाया है कि मेरी माँ को डायन कहकर देवकी देवी पति विश्वनाथ केवंट, गुड़िया देवी पति अजय केवंट, फिरबिल केवंट की पत्नी यशोदा देवी चितरपुर निवासी के अलावे वासुदेव केवट पिता गुर्जर केवट पत्नी नीतू देवी भूचूँगडीह निवासी ने जान से मारने की धमकी दिया था।

# चरण पहाड़ी मंदिर के होली महोत्सव में झूमे संत-भक्त



### चरण पहाड़ी धाम, कुजू में दिखी ब्रज होली की आभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** कुजू कोलियरी स्थित श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु चरण पहाड़ी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 64 महंत भोग आराधना वसंतोत्सव का भव्य समापन सोमवार को अद्भुत होली और भंडारे के साथ किया। चरण धाम में ठाकुर जी गुलाल लगाकर बृज के होली गीत और रसियाओं के बीच जमकर होली खेली गयी। मेरो खोय गयौ, बाजू बंद रसिया होली में-----, आज बृज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों पर चरण पहाड़ियों के बीच बृज संस्कृति की आभा दिखाई दी। 64 महन्त भोगराज सेवा का शुभारंभ ब्रजधाम वृंदावन के राधाकुंड श्यामकुंड रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के गद्दीनशीन पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने आरती उतारकर किया। वही, अतिथियों का स्वागत महोत्सव के आयोजक महन्त प्रेमदास महाराज ने किया। प्रेम दास महाराज ने जमकर भक्तों के ऊपर रंग-गुलाल की बौछार की। बृजधाम से आये नन्दलाल महाराज ने होली महोत्सव गीत और पद का गायन किया। इस अवसर पर भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ब्रजवासी कृष्ण चन्द्र दुबे ने बताया कि बृज की होली अनूठी है। चरण धाम में ऐसी अनूठी होली के दर्शन कर मौजूद भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज, महंत प्रेम दास महाराज, कृष्णा दुबे, नंदगोपाल दास, छैलबिहारी, किशन दास, वासुदेव घोष, विनोद ठाकुर समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## मो. हसन आजाद अधिकार सेना पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री बने, दी गयी बधाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी निवासी सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी मोहम्मद हसन को आजाद अधिकार सेना पार्टी का प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है। इनका मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने किया है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मोहम्मद हसन के कुशल नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए एक नई पहचान दी गयी है। वहीं मो हसन ने कहा कि आजाद अधिकार सेना पार्टी में पहले उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष के पद पर था। लेकिन सगंठन में मेरी नेक कार्यो और संगठन मजबूती को देखते हुए पार्टी ने मुझे प्रदेश संगठन मंत्री बनाया है। इस कार्य के लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं साथ ही जय हिन्द मानवाधिकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने मुझे प्रमंडल अध्यक्ष बनाया है। बधाई देने वालो में प्रिंस शर्मा, मोहम्मद गुलबहार, जगदीश राम, मो सत्तार, धनंजय सिंह, मकबूल अंसारी, रामशरण, मुख्तार अंसारी, वसीम रजा, रामस्वरूप, पारस दास, जुलफान अंसारी, मस्कूर आलम आदि कई लोग शामिल हैं।

## महाकुंभ से लापता युवक सकुशल मिला

**कुजू (आजाद सिपाही)।** महाकुंभ से स्नान कर लौटने के दौरान बनारस से लापता हुए करमा के कोलेश्वर महतो प्रयागराज में सकुशल मिले। परिजन ने बताया कि खोजबीन के दौरान प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर कोलेश्वर हमलोगों को सकुशल मिल गये है। कोलेश्वर को परिजन अपने साथ लेकर घर पहुंच चुके है। जिससे परिजनों में खुशी का माहौल है।

## कांग्रेस के महासचिव ने बजट को बताया लोक लुभावन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव राजवीर ने देश के वित मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट को पुरी तरह से लोकलुभावन बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के बजट पर अभी से ही कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बजट से लोगों में कंफ्यूजन ज्यादा हो गया है। पहले तो यह बजट चुनावी रहा। जहां-जहां चुनाव है। उस प्रदेश के लिए बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में बहुत सारी भ्रांतियां हैं। बजट में बताया गया है कि मिडिल क्लास के लोगों को 12 लाख तक का कोई टैक्स नहीं लगेगा। लेकिन कुछ ही देर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि चार लाख तक के लोगों के लिए जीरो प्रतिशत चार से आठ लाख लोगों के लिए 5 प्रतिशत और 8 से 12 लाख के आय पर लोगों को 10 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इसको आम जनता किस प्रकार समझ पायेगी यह कहना बहुत मुश्किल है। बजट पुरी तरह से उलझाने वाला है। एक तरफ केंद्र सरकार के वित्त मंत्री कहते हैं कि 12 लख रुपये तक मध्य वर्गी परिवार को किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं देना होगा। तो फिर आठ से 12 लाख के आय पर 10 प्रतिशत का टैक्स क्यों दिखया जा रहा है। बजट के माध्यम से आम जनता को फिर से गुमराह करने की साजिश की गयी है।

# वेस्ट बोकारो के 46 युवा आउटडोर लीडरशिप कैंप में हुए शामिल

### सैकड़ों युवाओं में विकसित हुआ लीडरशिप स्किल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने तुमुंग में तीन दिवसीय आउटडोर लीडरशिप कैंप का शुभारंभ किया। इस वर्ष कैंप के लिए वेस्ट बोकारो से 46 युवाओं का चयन किया गया। जहां उन्हें जागरूकता कार्यशालाओं, करियर काउंसलिंग और रोमांचक गतिविधियों जैसे क्लाइंबिंग, राफ्टिंग और बोटिंग का अनुभव मिला। कैंप का शुभारंभ टाटा स्टील, वेस्ट बोकारो डिवीजन के कैपेसिटी एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट के चीफ राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो के यूनिट लीड आदित्य कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और संगठन के सदस्य भी उपस्थित रहे। यह आउटडोर लीडरशिप कैंप प्रतिभागियों को उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या से अलग हटकर खुद को तरोताजा करने के लिए आयोजित हुआ था। साथ ही नेतृत्व, विकास व नेटवर्किंग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होने का अवसर देता है। यह एक सुरक्षित और सहयोगी वातावरण में नये अवसरों की खोज करने में सहायक है। कैंप प्रतिभागियों को अपनी आंतरिक क्षमताओं, चुनौतियों और उन्हें पार करने की रणनीतियों को खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित करता है। रोमांचक गतिविधियां टीमवर्क की भावना को मजबूत बनाती हैं, जिससे युवा और महिलाएं न केवल आत्मविश्वास हासिल करते हैं, बल्कि उद्यमिता और नये अवसरों से जुड़े नवीन विचारों पर मिलकर काम करने की प्रेरणा भी पाते हैं।

**10 साल पहले शुरू हुई थी पहल:** 2015 में शुरू हुई इस पहल में अब तक अनेक युवा और महिलाओं ने हिस्सा लिया है। इसका सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव जागरूकता में बढ़ोतरी रहा है। जिससे कई युवाओं को अपने गांवों में बाल विवाह और समयपूर्व विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति मिली है। इन आउटडोर लीडरशिप कैंपों के जरिए साझा सीख और अनुभवों ने उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया है।

वित्तीय वर्ष 2023, 2024 और 2025 में कुल 400 युवाओं ने आउटडोर लीडरशिप कैंप का हिस्सा बनकर परस्पर सीखने और साझा अनुभवों से अपने व्यक्तित्व को निखारा। इस पहल ने न केवल नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया बल्कि कई प्रतिभाओं के लिए नये रास्ते भी खोले। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी सुनीता सोरेन की है, जो किशोरावस्था में प्रोजेक्ट रिश्ता से जुड़ी थीं। 2019 में जब उन्होंने आउटडोर लीडरशिप कैंप में भाग लिया, तो उनके जुनून और समर्पण ने उन्हें आगे बढ़ने की दिशा दिखायी। उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें 2020 और 2023 में उत्तराखंड में आयोजित विशेष कैंप में आमंत्रित होने का अवसर दिलाया। इन अनुभवों ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उनके भीतर एक प्रशिक्षक बनने की योग्यता भी विकसित की। अपनी निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सुनीता ने खुद को साबित किया और अब वे टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन, तुमुंग में बतौर प्रशिक्षक अपनी नई भूमिका निभा रही हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए निम्नलिखित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख **24.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे।** इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशि** क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) **एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-122, दिनांक 03.02.2025**; 07 स्टेशनों में वर्तमान गुड्स शेड की अवसंरचना के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में दूरसंचार कार्यो का प्रावधान; रु. 90,42,706.88; रु. 1,80,900; (2) **एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-123, दिनांक 03.02.2025**; वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सिग/सिनी के अधीन अनुभाग में विविध सिग्नलिंग कार्य; रु. 63,31,332.25; रु. 1,26,600; (3) **एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-124, दिनांक 03.02.2025**; वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/सिग/डंगोवापोसी के अधीन अनुभाग में विविध सिग्नलिंग कार्य; रु. 83,76,685.37; रु. 1,67,500; **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 (बारह) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर भी देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **(PR-1096)**

# ट्रंप का फिर से व्यापार युद्ध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25% और चीन पर 10% आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरुआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**बढ़ सकती है उलझन:** ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है।

**भारत की रणनीति:** भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। लैटिन अमेरिका, चीन, यूरोपियन यूनियन और रूस से निपटना उनके एजेंडे में ऊपर है।

> **अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25% और चीन पर 10% आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरुआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है।**

**असमंजस कम नहीं:** बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के खिलाफ होगा। ये नियम कहते हैं कि सभी देशों के लिए टैरिफ समान होना चाहिए, लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है, तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा।

**ग्लोबल असर:** सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी। स्वाभाविक ही, इसी हफ्ते रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों पर होने वाली घोषणाओं पर निगाहें टिक गयी हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले। आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है, जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है।**

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का एक बड़ा हिस्सा क्यों है?



**डॉ मनसुख मांडविया**



सात वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआइएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले। आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए केआइएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं।

> **खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआइएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है।**

खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआइएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नये आयाम पेश किये हैं। स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है।

खेलो इंडिया सिर्फ. एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफी बढ़ गयी है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के जरिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए एक कॉर्पोरेट, एक खेल पहल शुंभारभ कर रही है।

राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय जरूरतों के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओइ) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे।

समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है, और अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन (एएसएमआइटीए) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से, एएसएमआइटीए ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है, जिससे मीराबाई चानू जैसी ओलंपिक पदक विजेता सहित 1,00,000 से अधिक महिला एथलीटों को लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ग्रामीण भारत और छोटे शहरों के एथलीटों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया है, जिन्हें अक्सर अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है। खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाये। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गयी है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है। पैरा-एथलीटों के लिए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स ने एक समावेशी मंच प्रदान किया है, जिसके तहत अब कई एथलीट पैरालिंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त इस पहल ने योगासन, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, थांग-ता और गतका जैसे स्वदेशी खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है तथा उन्हें खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में एकीकृत करके उनके संरक्षण और विकास को सुनिश्चित किया है।

स्वदेशी खेलों को और बढ़ावा देने के लिए कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के लिए भारत-आधारित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना करने का प्रयास किया जायेगा, जिसका उद्देश्य विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करना और अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में उनके समावेशन की दिशा में कार्य करना है। कोचिंग व्यवस्था को और अधिक पेशेवर बनाने के लिए, हमने पूरे भारत में 1000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्रों (केआइसी) में संरक्षक के रूप में भूतपूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) का एकीकरण सुनिश्चित किया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआइएस) पटियाला में निःशुल्क प्रमाणन पाठ्यक्रमों के माध्यम से, ये पूर्व अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय एथलीट अब भारत की प्रशिक्षण पारिस्थितिकी व्यवस्था में योगदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अगली पीढ़ी उनके अनुभव और विशेषज्ञता से लाभान्वित हो।

जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, खेलो इंडिया अभियान सिर्फ एक खेल विकास कार्यक्रम से कहीं अधिक व्यापक रूप ले चुके है; यह एक रणनीतिक पहल है जो वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने और शीर्ष 10 खेल देशों में स्थान पाने के देश के दीर्घकालिक लक्ष्य के उद्देश्य से भी जुड़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना इस विजन का एक महत्वपूर्ण पहलू होगा, जिसमें राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बोली लगाने और प्रमुख वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं को भारत में लाने के लिए समर्थन देने के प्रयास किए जायेंगे। जब हम वर्ष 2036 की ओर देखते हैं तो यह अनुभव होता है कि खेलो इंडिया का प्रभाव न सिर्फ जीते गए पदकों से है बल्कि इसने लाखों लोगों के जीवन को भी छुआ है। इसके माध्यम से जमीनी स्तर पर क्रांति लायी गयी है और इसने भारतीय समाज में खेल और फिटनेस की संस्कृति को समाहित किया है और उस वक्त यह सभी उदाहरण प्रत्यक्ष होंगे। निरंतर निवेश, सहयोग और नवाचार के साथ, भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के स्वप्न को साकार करने के मार्ग पर अग्रसर है।

**(लेखक : केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# पिकअप वैन चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर पुलिस ने बीते दिनों धातकीडीह निवासी जसीम अहमद का पिकअप वैन चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। सोमवार को पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में शेख रमजान, नंदन पटनायक उर्फ छोटू पटनायक और अब्दुल रहीम शामिल है।घटना की जानकारी देते हुए सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर ने बताया एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन कर कारवाई की गयी। टीम ने जांच के दौरान तकनीकी व मानवीय साक्ष्यों के आधार पर चोरी कांड में शामिल तीनों आरोपी को पिकअप वैन के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने अपने अपराध को स्वीकार भी कर लिया। घटना के दौरान शामिल एक स्कूटी को भी बरामद कर लिया गया। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला व जमशेदपुर का दहशतगर्द आदित्यपुर माझी टोला निवासी रोहित मिश्रा का रविवार की रात कदमा मरीन ड्राइव के समीप सड़क हादसे में मौत हो गया। जबकि उसका एक अन्य साथी भोलटू गंभीर रूप से घायल होगया।सूचना मिलने पर पहुची पुलिस दोनो घायल को टीएमएच लाया। जहा जांच के दौरान रोहित मिश्रा मृत्य घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल भोलटू का इलाज चल रही है। बताया जा रहा रविवार को देर रात रोहित स्विफ्ट कार से जमशेदपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान कदमा मरीन ड्राइव में डिवाइडर से टकराकर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। रोहित मिश्रा सुजय नंदी हत्याकांड, दीपक मुंडा हत्याकांड, मोनी दास हत्याकांड व जमशेदपुर के सोनारी में एक युवक की हत्याकांड का नामजद अभियुक्त था। 6 माह पूर्व ही वह जमानत पर निकला था। वहीं कुछ स्थानीय लोगों का कहना है रोहित मिश्रा हमेशा गरीबों का मदद करता था। वे जानकारी मिलने पर गरीबों की शादी हो या श्राद्ध कर्म का भोज हमेशा गरीब परिवार को राशन व पैसे से मदद करता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले का जांच कर रही है।

# विधायक के प्रयास से एग्रिको कैंप कार्यालय में आधार कार्ड सुधार केंद्र शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विधायक पूर्णिमा साहू ने एग्रिको कैम्प कार्यालय में 5 दिवसीय निशुल्क आधार कार्ड सुधार व निर्माण शिविर का शुभारंभ किया। सोमवार को शिविर के पहले दिन 180 से अधिक लोगों ने आधार कार्ड का पंजीयन और जरूरी संशोधन कराया। मौके पर कई स्कूली बच्चे भी अपने माता-पिता के साथ शिविर में पहुंचे। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा आधार कार्ड प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सरकारी योजनाओं से लेकर बैंकिंग सेवाओं, रोजगार समेत हर जगह इसकी आवश्यकता होती है। जमशेदपुर पूर्वी के नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। यूआइडीएआइ के अधिकारियों से वार्ता कर 5 दिवसीय कैंप लगाया गया। कल से और भी अधिक मशीनें व ऑपरेटर मौजूद रहेंगे। ताकि आधार कार्ड निर्माण व सुधार की प्रक्रिया तेज हो सके। उन्होंने कहा शिविर 5 दिनों तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित रहेगा। शिविर में आने वाले के लिए पेयजल व बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था की गयी है।

# डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी को पद्म विभूषण मिलने पर सरयू राय ने दी बधाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोइंट्रोलोजी के अध्यक्ष डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी को पद्म विभूषण से समादृत किये जाने पर मुलाकात कर बधाई दी। गौरतलब है कि डॉ. रेड्डी देश के पहले चिकित्सक हैं जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण तीनों पुरस्कार मिले हैं। भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस में डॉ. रेड्डी को देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण देने की घोषणा की थी। देश के उन सात लोगों में डॉ. रेड्डी भी शामिल हैं। जिन्हें इस बार देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा हुई है। डॉ. रेड्डी को एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं के विकास में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से चिकित्सीय एंडोस्कोपी और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर प्रबंधन में उनके नेतृत्व में एआइजी अस्पताल गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी में उन्नत चिकित्सा अनुसंधान व नोवेल ट्रीटमेंट अप्रोच का केंद्र बन गया है।

# घाटशिला में खुला नया किड्जी प्रीस्कूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर घाटशिला प्रखंड के फुलडुंगरी में प्राचार्य कविता महतो के द्वारा छोटे बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए न्यू किड्जी प्रीस्कूल का शुभारंभ किया गया। सोमवार को न्यू किड्जी प्रीस्कूल परिसर में पुरोहित के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ विधायदायनी माता सरस्वती देवी की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। मौके पर उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति डॉ श्रीकांत नायर उपस्तित हुए। मुख्य अथिति के द्वारा न्यू किड्जी प्रीस्कूल का फीता कटिंग कर उद्घाटन किया गया। प्राचार्य कविता महतो ने बताया फुलडुंगरी में छोटे बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था प्रदान की जायेगी। किड्जी प्रीस्कूल में बच्चे को घर जैसा माहौल के बीच खेल खेल में खुशी-खुशी शिक्षा मिलेगी।स्कूल में बच्चों को एक सुरक्षित माहौल में पढ़ाया जायेगा। बच्चे बिना किसी डर के अपनी रचनात्मकता व जिज्ञासा विकसित कर सकेंगे। बच्चे सीसीटीवी के निगरानी में रहेंगे। सुरक्षा के लिए गेट पर गार्ड व देखभाल के लिए आया दीदी रहेगी। पढ़ाई की व्यवस्था भी सबसे अलग व अच्छी होगी। ताकि बच्चों के समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। प्राचार्य कविता महतो ने बताया किड्जी प्रीस्कूल में बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ एक मजबूत नींव प्रदान की जायेगी। जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा। बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक विकास पर प्रबंधन का ध्यान रहेगी। उन्होंने कहा प्रीस्कूल बच्चों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकती है। इसके लिए बच्चों के परिजनों को सोच समझ कर आगे आना होगा।

# हब्बा-डब्बा को लेकर हिंसक झड़प मामले में एक को जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के कालिकापुर मतकमडीह में आयोजित मुर्गा पाड़ा के दौरान अवैध हब्बा-डब्बा (जुआ) खेलाये जाने के दौरान हुए मारपीट की घटना के बाद पोटका पुलिस ने हब्बा डब्बा संचालक अभय पदों भगत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मुर्गा पाड़ा में रविवार को हुए विवाद में हिंसक झड़प की घटना भी घटी, जिसमे तीन लोग घायल हो गये थे। घटना को लेकर पीड़ित गणेश टुडू ने पोटका थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी शिकायत में मातकमडीह में आयोजित मुर्गा पाड़ा में अभय पदो भकत द्वारा जुए यानि हब्बा-डब्बा का खेल चलाया जा रहा था। इसी दौरान कालिकापुर निवासी आरसु और रोहित भकत के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। जब पीड़ित का छोटा भाई दोनों के बीच सुलह कराने गया, तो उसे भी पीटा गया। घटना की जानकारी मिलने पर जब गणेश टुडू अपने भाई को बचाने पहुंचे, तो उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया गया। लिखित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पोटका पुलिस ने अभय पदों भगत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस को इस दिशा में कड़ी कार्रवाई करते हुए इस कारोबार पर पूर्णतः रोक लगाने की जरूरत है।

## भवनाथपुर में करेंट लगने से नीलगाय की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी के असनाबांध गांव में वन विभाग के कर्मियों ने एक मृत निलगाय को बरामद करते हुए एक युवक को पकड़ कर पूछताछ हेतु वन कार्यालय लाया, जिसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा जंगली सूअर मारने के लिए फसल लगे खेतों में विद्युत प्रवाहित नंगा तार बिछाकर छोड़ दिया गया था, जहां रविवार की रात जंगल से विचरण करते हुए फसल लगे खेत में पहुंचा एक नीलगाय विद्युत प्रवाहित उक्त तार के चपेट में आ गयी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उधर मकरी के वनरक्षी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि खेतों में बिजली के नंगी तार लगाकर नीलगाय मारने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, जिसे पहचान कर जल्द ही पकड़ा जायेगा।

### रंका में हुए सोना और चांदी लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# रांची के दो अपराधी सहित चार गिरफ्तार

**अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक खाली खोखा, लूट में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल, लूटे गये मोबाइल सहित सोने चांदी का जेवर बरामद किया हैं**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने रंका खुर्द सोना चांदी लूट कांड का उद्भेदन करते हुए रांची के दो और मेदिनीनगर के एक अपराधी सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक खाली खोखा, लूट में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल, लूटे गये मोबाइल सहित सोने चांदी का जेवर बरामद किया हैं। इस संदर्भ में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में मनीष कुमार भुइयां उर्फ कुजूर पिता श्याम भुइयां उर्फ. श्याम लाल भुइयां जो नामकुम रांची का रहने वाला है, वहीं दूसरा, मिथुन कुमार महतो पिता रामस्वरूप महतो यदुवंशी नगर नामकुम रांची का रहने वाला है। जबकि तीसरा अभिषेक कुमार चौधरी पिता केदार चौधरी हॉस्पिटल रोड रंका और चौथा विशाल कुमार चौधरी पिता सुरेंद्र चौधरी कुंड मोहल्ला डाल्टनगंज सदर थाना जिला पलामू का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि गत 29 जनवरी को एस कुमार सोनी पिता शिव साव सोनी रंका निवासी के द्वारा रंका थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गयी थी कि रंका खुर्द मोड़ के पास से अज्ञात बाइक सवार अपराध कर्मियों के द्वारा चाकू का भय दिखाकर उसके मोटरसाइकिल की डिक्की से सोना चांदी के गहने लूट लिये गये थे। एसपी ने बताया कि मामले का उद्भेदन करने के लिए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद लगातार छापेमारी के उपरांत गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल के द्वारा तेनुडीह जंगल में चार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। सभी से तलाशी लेने पर चारों के पास से रंका खुर्द के पास से सोना व्यवसाय से लूट गया सोना चांदी बरामद हुआ। पकड़े गये मनीष कुमार भुइयां उर्फ कुजूर के पास से देसी कट्टा तथा जिंदा कारतूस बरामद किया गया। सोना व्यवसाई से लूट में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। पकड़े गये व्यक्तियों ने रंका थाना क्षेत्र के चिनिया रोड में 29 जनवरी को लूट कांड में सम्मिलित होने की बात स्वीकार की, और बताया कि अभिषेक कुमार चौधरी पिता केदार चौधरी हॉस्पिटल रोड रंका थाना जिला गढ़वा के द्वारा उन तीनो को बताया गया था, कि एस कुमार सोनी के द्वारा प्रतिदिन कीमती जेवरात लेकर हर रोज गांव देहात के लिए निकलने तथा जिसके साथ आसानी से सुनसान जगह देखकर लूट की घटना को अंजाम दिए जाने की बात बतायी गयी।

एसपी ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों के पास से अवैध हथियार मिलने पर सभी अभियुक्त के विरुद्ध रंका थाना कांड संख्या 1825 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। इस लूट कांड का उद्भेदन करने में रंका पुलिस टीम के नेतृत्व कर रहे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के अलावा पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, अवर निरीक्षक प्रभात कुमार, अनिल हेमराम, राजेश कुमार झा, विनय कुमार पांडे सहित कई पुलिसकर्मी ने अहम भूमिका निभायी।

# बार-बार हॉर्न बजाने पर दूसरे बाइक चालक ने पीटा

### चालक घायल, पुलिस ने जब्त की बाइक

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में सड़क पर एक बाइक चालक द्वारा हॉर्न मारकर साईड मांगने पर दूसरे बाइक चालक ने गुस्से में आकर उसकी जमकर पिटायी कर दी, जिससे मकरी निवासी बाइक चालक कर्ण राज भारती घायल हो गया। पुलिस ने उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया। वहीं दोनों बाइक चालकों ने स्थानीय स्थान में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है, जहां पुलिस दोनों की आवेदनों की जांच कर रही है। कर्ण राज भारती ने बताया कि वह कोचिंग सेंटर से मकरी घर जा रहा था, मकरी मोड़ पर आगे-आगे चल रहे एक दूसरे बाईक से साइड लेने के लिए हॉर्न बजाया, तो मेरे गांव के ही बाईक चालक मंगल पासवान ने गाड़ी रोककर पहले तो बहस की और फिर बाद में मारपीट कर मारपीट पर सिर फोड़ दिया। वहीं जयमंगल पासवान ने थाने में आवेदन कर लिखा है, कि मैं अपने बाईक से अपनी पत्नी के साथ मकरी घर जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे मेरे गांव के ही कर्ण राज भारती ने जानबूझकर हॉर्न बजा-बजा कर मेरी पत्नी को छेड़ने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाईक को जब्त कर लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

## करके को हराकर मकरी की टीम फाइनल में पहुंची



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रारो स्टेडियम में चल रहे बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच सोमवार को करके बनाम मकरी के बीच खेला गया। इस दौरान करके की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मकरी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 126 रन बनाएं। जवाबी पारी खेलने उतरी करके की टीम 64 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इस प्रकार मकरी की टीम ने 62 रन से मैच जीतकर फाइनल में जगह बना लिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मकरी टीम के खिलाड़ी भूटाली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र ठाकुर, टूर्नामेंट अध्यक्ष जितेंद्र यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी, आयोजक पप्पू यादव ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। गुरुवार को फाइनल मैच बौलिया बनाम मकरी की बीच होगी। इस मैच के अंपायर की भूमिका जमील अंसारी तथा सुभाष भारती ने निभायी। जबकि स्कोर की भूमिका आनंद पासवान ने निभायी।

## सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विगत 10 वर्षों से संचालित अक्षर द पब्लिक स्कूल जो शिक्षा का ज्योत जलाते आ रहा है, जहां बसंत पंचमी पर विद्या की देवी सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, आरके पब्लिक के निर्देशक अलखनाथ पांडे के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गाना, देशभक्ति नाटक, भक्ति गाना, नृत्य, संगीत का प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में युवा समाज सेवी मारुति नंदन सोनी, एलके पब्लिक स्कूल के निर्देशक ललन कुमार साह, संजन सिंह, अक्षर द पब्लिक स्कूल के निर्देशक रंजीत कुमार, रंजन साह, नीतीश सर, लकी मेहता, उतिमा मिस, अल्तमस खान, बच्चे के अभिभावक गण और देखने आये सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की धूम



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की धूम रही। प्रखंड के अधिकांश शिक्षण संस्थान के साथ कोचिंग सेंटरों के साथ गांव व टोलों में मां शारदे की पूजा अर्चना की गयी। मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर विद्यार्थियों ने अहले सुबह से पूजा संपन्न कराने को लेकर बेफुरसत दिखे। इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहने के कारण डीजे की शोर सुनने को नही मिला। हालांकि लाउडस्पीकर से गीत संगीत बज रहे थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों की ओर जाते देखा गया। भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती में सरस्वती पूजा के साथ देर शाम में महावीरी झंडा निकला गया।

# मां सरस्वती की विधिवत पूजन-अर्चना की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में संगीत के छात्र-छात्राओं ने स्वर की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजन वंदन किया। सभी छात्र छात्राओं ने मंत्रोचारण श्लोक से विधि विधान से पूजा करने के बाद मां सरस्वती की वंदन गीत गाकर स्वर की देवी की आवाहन किया। सर्वप्रथम राग मालकौंस पर आधारित पूर्णिमा कुमारी परिधि कुमारी ने शारदे हे हंसवाहिनी जयति वीणा वादनी की सुंदर प्रस्तुति किया। कमलेश बिहारी व्यास ने हंस पे सवार होके आजा मोरी मइयां गढ़देवी मां की भजन बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ डी के सिंह लालमणि विश्वकर्मा, संतोष, सुनेश विश्वकर्मा, रीता, रूपा, नीलेश, साकेत समेत काफी संख्या संगीत के छात्र-छात्राएं अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अभिभावकों का ध्यान और सहयोग बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में विद्यालय के निदेशक और गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् श्री अलखनाथ पांडेय ने अभिभावकों से विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यालय के बच्चों के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

### मुख्य बिंदु थे

**घर पर पढ़ाई:** श्री पांडेय ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को ट्यूशन पर भेजने की बजाय घर पर खुद से पढ़ाई कराएं। इससे बच्चों की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और वे खुद से सीखने की आदत डालेंगे।

**स्कूल असेंबली और गतिविधियां :** उन्होंने अभिभावकों को यह सलाह दी कि वे बच्चों को स्कूल असेंबली और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि बच्चे पूरी तैयारी के साथ विद्यालय में आयोजित होने वाली किसी भी प्रतियोगिता या कार्यक्रम में हिस्सा ले सकें।

**फाइनल एग्जाम की तैयारी:** श्री पांडेय ने अभिभावकों से बच्चों पर ध्यान देने और उन्हें फाइनल एग्जाम की तैयारी अच्छे से करवाने की बात कही, ताकि वे अच्छे ग्रेड प्राप्त कर सकें।

**सही उपस्थिति:** उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की उपस्थिति 75% पूरी होनी चाहिए और अभिभावकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बच्चे रोजाना स्कूल जाएं।

**सेल्फ-स्टडी:** विद्यालय निदेशक ने बच्चों को ट्यूशन के बजाय खुद से सेल्फ-स्टडी करने की सलाह दी, ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े और वे अपनी पढ़ाई को अच्छे से समझ सकें।

**समाज सेवा से अधिक पढ़ाई पर ध्यान:** श्री पांडेय ने अभिभावकों को यह भी समझाया कि बच्चों को सामाजिक कार्यों में ज्यादा उलझाने की बजाय उन्हें पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने के लिए प्रेरित करें और उन्हें यह सिखाएं कि घर पर वे अपने माता-पिता की मदद भी करें।

इस बैठक का उद्देश्य बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभिभावकों को मार्गदर्शन देना था और विद्यालय के साथ मिलकर बच्चों के समग्र विकास के लिए जरूरी कदम उठाना था।

बैठक में विद्यालय की प्रशासक प्रमोद कुमार झा सहित अन्य शिक्षकगण और अभिभावक भी उपस्थित थे। सभी ने श्री अलखनाथ पांडेय के विचारों का स्वागत किया और अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए इस दिशा में कदम उठाने का संकल्प लिया।

# रवि उर्फ चप्पू बने विधायक प्रतिनिधि, लोगों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



रंका। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम सलेया निवासी युवा भाजपा नेता रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू जी को गढ़वा - रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने रंका प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। चप्पू जी को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर लोगों ने बधाई दी है जिसमें भाजपा के उत्तम पांडेय, सचिदानंद तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, आशुतोष तिवारी, उप मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, विश्वनाथ यादव, मनोज तिवारी, विनोद रवि, प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश दास, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, अशोक दूबे, कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष बंशी यादव, विरेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# आप खुद बदलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं : सैयद मंजर हसन

**रहमते आलम कांफ्रेंस सह जश्ने दस्तारे हुफ्फाज का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बैलाझखड़ा मदरसा दारूल उलूम रिजविया नुरुल उलूम परिसर में रहमते आलम कांफ्रेंस सह जश्ने दस्तारे हुफ्फाज का आयोजन किया गया। रहमते आलम कॉन्फ्रेंस में जलसा इंतजामियां कमेटी और मदरसा इंतजामिया कमेटी के सभी सदस्य, बैलाझखरा के ग्रामीण, रारो, जरही, तसरार, महुदंड, डंडई, लवाही, पचौर, ठगमनवा, सोनेहारा, करके, जर्दे, बैरीयादामर, दतवानियां सहित गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंड और अन्य राज्यों से हजारों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना अबसार आलम मिस्बाही और मदरसा के सभी बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से सलातो सलाम एवं कुरआन ए पाक की मशहूर आयत पढ़कर की गयी। तत्पश्चात कानपुर से चलकर आये शायर मोहम्मद रजा सैफ ने दिल को उनसे खुदा जुदा न करें, नातिया कलाम पेश कर लोगों को सुभान अल्लाह माशा अल्लाह कहने पर मजबूर कर दिया। सासाराम से चलकर आये हुए सैयद मंजर हसन ने जलसा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दिन आप अपने में बदलाव लाते हुए खुद को पहचान लेंगे, उसी दिन से आप अच्छाई की तरफ मायल होने लगते हैं। आप खुद बदलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। वहीं कारी दिलशाद अहमद ने समाज में फैली अनेक बुराइयों पर विशेष रूप से तकरीर पेश की। उन्होंने लोगों से शादी विवाह में फिजूल खर्ची से बचने कि ताकीद की। वहीं विभिन्न तरह कि बुराइयों को समाज से मिटाने का आह्वन किया। मुफ्ती मौलाना मुजाहिद हुसैन रिजवी ने जलसा में उपस्थित लोगों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप आधी रोटी खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। जब बच्चे तालीम हासिल कर क्वालिफाइड बनेंगे तो अपने कौम, क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विरोध के बाद रेल प्रशासन अब गेट बंद नहीं करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राज और पब्लिक के विरोध को देखते हुए रेल प्रशासन को श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मेन रोड पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित रेलवे गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने संबंधी अपने निर्णय से पीछे हटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे के आईडब्लू सत्यनारायण यादव जेसीबी मशीन व तकनीकी टीम के साथ गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने नगर ऊंटारी पहुंचे थे। गेट बंद किये जाने और आधा अधूरा तालाबनुमा एलएचएस चालू करने की भनक मिलते ही गेट पर पब्लिक जुट गयी। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता जमा हो गये और गेट को बंद किये जाने का विरोध करने लगे। वहीं से लोगों ने स्थानीय विधायक को गेट बंद होने और तालाबनुमा एलएचएस में आवागमन के दौरान पब्लिक को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

लगभग 12 बजे दिन में विधायक अनंत प्रताप देव भी गेट पर पहुंचे और उन्होंने आईडब्लू से एलएचएस में जलजमाव के कारण आवागमन खासकर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों के विषय में पूछा। आईडब्लू से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर श्री देव ने फोन पर डीआरएम धनबाद से बात की।

उन्होंने डीआरएम से कहा कि अंडरपास में दो से तीन फीट पानी लगा हुआ है। ऐसे में उसमें लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने डीआरएम से एलएचएस का निर्माण कार्य पूर्ण होने और आवागमन सुलभ होने की फुलप्रूफ व्यवस्था होने के बाद ही गेट को बंद करने को कहा। डीआरएम ने विधायक को सकारात्मक जवाब दिया और गेट को चालू रखने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया। उधर डीआरएम के निर्देश के आलोक में एईएन रेणुकूट ने आईडब्लू को गेट बंद नहीं करने का निर्देश दिया। जिसके बाद आईडब्लू ने गेट को बंद किये जाने सबंधी काम को बंद करा दिया। उस मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रदीप सिंह, सुधीर प्रसाद, संतोष पांडेय, भूखू राम, प्रदीप राम, दिलेश सिंह, धनंजय सिंह, बिपिन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**अंडरपास व्यवस्थित होने तक गेट बंद नहीं होगा : विधायक**

विधायक अनंत प्रताप देव ने गेट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्हें सूचना मिली की रेलवे फाटक को बंद करने का काम शुरू किया जा रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी हो रही है। रेलवे ने आवागमन के लिए जो वैकल्पिक अंडरपास की व्यवस्था की है, उसमें कमर भर पानी भरा है। अंडरपास में चार चक्का पार हो जायेगा, परंतु मोटरसाइकिल और पैदल वाले लोग कैसे पार करेंगे। इसी की सूचना मिलने पर हम रेलवे क्रॉसिंग के पास आये और डीआरएम से हमारी बात हुई, डीआरएम के द्वारा अनुमति दे दी गयी है की गेट खुला रहेगा। जब तक अंडरपास में आने जाने की पूर्ण व्यवस्था नहीं हो जाती है, तब तक गेट बंद नहीं होगा। मैं जल्द ही ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलूंगा। उन्होंने एलएचएस में गड़बड़ी की जांच कराने की बात कही।

# विद्या की देवी मां शारदे की विधिवत की गयी पूजा अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता




**केतार।** बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों, गैर सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानो और सार्वजनिक स्थानों पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कई स्थानों पर विद्यालयों में स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। प्रखंड क्षेत्र के लोहिया समता उच्च विद्यालय, राम विद्यालय केतार, आरके पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रा०म० विद्यालय मुकुंदपुर, प्रियांगी साइंस कोचिंग सेंटर, द हेल्प कोचिंग सेंटर सहित अन्य संस्थानों में मां शारदे की विधिवत पूजा अर्चना की गये। पंडालों में मां का दर्शन करने के लिए लंबी कतारें देखी गयी। इस मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की विद्यालय में ऐसे आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चे को अपना हुनर दिखाने का मौका मिले। यही बच्चे अगर आगे चलकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे, तो अपना सहित विद्यालय, गांव और प्रखंड का भी नाम रौशन कर पायेंगे। वही प्रमुख ने विद्यालय के सास्कृतिक मंच बनवाने का घोषणा भी किया। इस मौके पर उपमुखिया संजय पाल प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, शिक्षक संतोष ठाकुर, प्रेमकुमार, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद संजय ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 04 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# नक्सली संगठन का सुप्रीमो राजेश गिरफ्तार

**लातेहार में अपराधी बख्शे नहीं जायेंगेः कुमार गौरव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस को एक बार फिर नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड संघर्ष जनमुक्ति मार्चा के सुप्रीमो राजेश सिंह खेरवार उर्फ राजेश सिंह उर्फ दुला सिंह को गिरफ्तार करने में सफल हुई है।

इस संबंध में लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में लगे कम्पनी टीटीआइपीएल के संवेदक विकास तिवारी को लेवी के लिए कॉल कर धमकी दिया जा रहा था, उसके बाद संवेदक विकास तिवारी के आवेदन के आधार पर लातेहार थाना कांड संख्या 26/2025, दिनांक 29. 01. 2025, धारा-308 (2) /308 (5) बीएनएस प्रतिवेदित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया और इसके लिए एक टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के द्वारा किया गया।



एसपी ने बताया कि छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिकी अभियुक्त राजेश सिंह उर्फ दुला सिंह उर्फ शैतान सिंह ग्राम चीरो, थाना चंदवा जिला- लातेहार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश सिंह खेरवार के अपराध स्वीकारोक्ति बयान तथा निशानदेही के आधार पर ह्वाट्सप्प कॉल के दौरान धमकी देते हुए दिखाये गये हथियार 9 एमएम कैलीबर के एक देशी रिवाल्वर एवं 9 एमएम कैलीबर के दो जिंदा कारतूस एवं प्रयुक्त मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में प्राथमिकी अभियुक्त राजेश सिंह ने अनेकों कांडों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मार्चा राज्य के लातेहार एवं गुमला जिला में सक्रिय है।

छापामारी दल में एसडीपीओ अरबिंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लातेहार दुलर चौड़े, मनोज कुमार, राजा दिलावर, विक्रांत कुमार उपाध्याय, कुबेर प्रसाद देव, राहुल कुमार दूबे, मनीष रजवार, अंगरक्षक, गौतम पासवान, टिंकु कुमार, नीलमणि पांडेय, राजेश कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र उरांव शामिल थे।

# अधिवक्ताओं-लिपिकों को इ-फाइलिंग और इ-कोर्ट कार्य का प्रशिक्षण मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** ई कमिटी सुप्रीम कोर्ट, नयी दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं जूडिशल एकेडेमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 50 अधिवक्ताओं एंव अधिवक्ता लिपिक को ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा, अधिवक्ता संघ के सचिव लाल दीपक कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी और जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर सिविल कोर्ट महेश प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षकों ने बताया कि भारतीय न्यायपालिका में एक समान सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आइसीटी) सक्षमता का विचार भारत सरकार द्वारा 2004 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आरसी लाहोटी की सिफारिश पर ई-समिति के गठन के साथ ही मजबूती से स्थापित हो गया था। जिसके बाद ई-समिति ने अगस्त 2005 में भारतीय न्यायपालिका में आईसीटी के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना तैयार की। वहीं उन्होंने बताया कि वर्तमान में फाइलिंग की प्रक्रिया फिजिकल मोड में होती है। लेकिन ई कोर्ट के तहत फाइलिंग डिजिटल मोड में होगा। जिसके लिए सभी अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक को पंजीकृत होना आवश्यक है। जो अधिवक्ता या अधिवक्ता लिपिक पंजीकृत नहीं होंगे उन्हें फाईलिंग करने में समस्या उत्पन्न होगी। ई कोर्ट के माध्यम से केस की स्थिति, संख्या सहित केस संबंधित सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। ई-फाइलिंग के होने से पेपरलेस कार्य को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही समय और धन की भी बचत होगी। वहीं डीएसए महेश प्रसाद सिन्हा ने उपस्थित अधिवक्ता और अधिवक्ता लिपिक को प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखलाकर ई फाइलिंग में पंजीकृत होने की विधि को विस्तार से बताया। वहीं डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने कहा कि ई- कोर्ट का अर्थ है पेपर पेन से छुटकारा। सभी कोई अब खुद को पंजीकृत कर डिजिटल मोड में फाइलिंग का कार्य करें।




# विद्या के मंदिर में सरस्वती पूजा नहीं करना काफी दुखद : ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** जिले में हर तरफ लोग मां शारदे की आराधना में लीन रहे, परंतु भंडरा प्रखंड के सेमरा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा से अलग रखने का प्रयास विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही सेमरा के ग्राम प्रधान चुमनू उरांव के नेतृत्व स्थानीय ग्रामीण स्कूल पहुंचकर विद्यालय के शिक्षकों को बुलाकर दोपहर के ढाई बजे मां सरस्वती की फोटो को पूजा कराया। विद्यालय में पहुंचे राधेश्याम साहू , बिंदेश्वर महतो, श्रवण साहू, चुमनु उरांव प्रधान, रिझा पुजार, लक्ष्मी लोहरा, सुशांत उरांव, नासिर खान, पिंटू महतो, बबलू लोहरा, मुनि देवी, फुलमनी देवी, बाल किशुन लोहरा ने कहा विद्या के मंदिर सेमरा विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं करना काफी दुखद है। विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं होने से विद्यालय के विद्यार्थियों निराश होकर घर लौटना पड़ा। विद्यालय में प्रारंभ काल से ही मां सरस्वती की पूजा होती चली आ रही है, परंतु इस वर्ष विद्यालय में ताला लटका मिला। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों को बुलाकर पूजा संपन्न कराया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मनमानी किया जा रहा है। इससे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# मेहता निर्मल जल संस्थान का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्विट हॉल परिसर में बसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को 'मेहता निर्मल जल' संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया गया। शहर के प्रख्यात समाजसेवी रामावतार महतो ने विधिवत फीता काटकर इसकी शुरूआत किया। इस दौरान मेहता निर्मल जल के प्रोपराइटर सुनील कुमार मेहता ने कहा कि शहरी नागरिकों को शुद्ध, निर्मल और क्वालिटीयुक्त पानी सहज उपलब्ध करने का प्रयास है। अपेक्षाकृत, सस्ते मूल्य पर लोगों को यहां से शुद्ध और स्वास्थ्य वर्धक पेयजल उपलब्ध होगा। मौके पर प्रदीप राणा, प्रकाश महतो, शकील अख्तर, श्रवण तिर्की, राजेश उरांव, मनोज भगत, बालमोहन साहू, साकिर खान, राजेश अग्रवाल, प्रदीप राम, संजय साहू, शशि वर्मा, ज्योतिष ठाकुर, शिव गुप्ता, उज्जवल खत्री, पंकज महतो, महेंद्र महतो, संजय महतो, संजू महतो, राहुल अग्रवाल, कौशिक राज मेहता समेत शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी, इसका संगठन चुनावी प्रक्रिया से चलता है : किशुन दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदग्गा।** भारतीय जनता पार्टी कोई जाति या परिवार की राजनीति पार्टी नही यह देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। इसका संगठन चुनाव के आधार से चलता है। उक्त बातें लोहरदगा भाजपा जिला सांगठनिक चुनाव पर्यवेक्षक सह सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित सांगठनिक चुनाव पर्व पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि ने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता से ही संगठन चलता है,उन्हें निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद अब बारी है बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सांगठनिक चुनाव करा कर पार्टी का विस्तार करना। इसके लिए मंडल, पंचायत एवम बूथ चुनाव प्रभारी नियुक्त करने हेतु 5 से 7 फरवरी तक मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने झारखंड में यूसीसी एवं एनआरसी किसी भी कीमत पर लागू नही करने की बात की निंदा किया। कहा कि झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठिय को वोट बैंक के लिए सरंक्षण देना चाहती है। संचालन जिला सह चुनाव प्रभारी बाल कृष्णा सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला सदस्यता प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज द्वारा किया गया। मौके पर बिंदेश्वर उरांव, राजकिशोर महतो, ओम सिंह, आजाद शत्रु, अजय पंकज, ओम गुप्ता जितेंद्र महतो राकेश प्रसाद, जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव पशुपति नाथ पारस, संजय अग्रवाल, विजय सोनी, सरिता देवी, मीणा बाखला, मिथुन तमेडा, बाल्मीकि कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# जंगली हाथी ने किसानों के घर को तोड़ा, अनाज खाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के गोखलाबागी ग्राम में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने मजदूर किसान करमा भगत के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं पड़ोसी महेश भगत के आंगन में रखा मक्का खाकर और बिखेरकर नष्ट कर दिया। इस घटना में दोनों किसानों को करीब पचास हजार रुपये की क्षति हुई है। पीड़ितों ने बताया कि वे रोज की तरह परिवार सहित घर में सो रहे थे, तभी अचानक अर्धरात्रि में हाथी ने उनके घर पर हमला कर दिया। उसने करमा भगत के कच्चे मकान को ध्वस्त कर दिया और आंगन में रखा मक्का खा गया। महेश भगत के घर के बाहर रखा मक्का भी पूरी तरह नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी से हुई क्षति का आकलन कर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने वन विभाग से अपील की है कि क्षेत्र में जंगली हाथियों के बढ़ते हमलों को रोकने के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाये जायें। इस संबंध में फॉरेस्टर मंगल सिंह ने कहा कि हाथी से हुई क्षति का आकलन कर नियमों के तहत मुआवजा दिया जायेगा। साथ ही, उन्होंने सरस्वती पूजा के मद्देनजर ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।



# लोहरदगा में मां शारदे की पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में मां शारदे की भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गयी। विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की पूजा स्कूलों के अलावा घरो में की गयी। छात्र-छात्राओं समेत सभी तरह की शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग माता सरस्वती की पूजा की।

शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में भक्तों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। जिले में सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया था। इसके अलावा लोग अपने घरों में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। सुबह से ही पूजा-अर्चना को लेकर तैयारी चल रही थी। भक्तों ने भक्तिभाव के साथ श्रद्धा पूर्वक मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ज्ञान और वैभव का आशीर्वाद मांगा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों और घरों में भी पूजा अर्चना कर मां सरस्वती से प्रार्थना की गयी। पंडितों और ज्योतिषियों के अनुसार शास्त्रों में वर्णित है कि माता सरस्वती बुद्धि और विद्या की देवी हैं। जिस छात्र पर मां सरस्वती की कृपा हो जाये उसकी बुद्धि बाकी छात्रों से अलग और बहुत ही प्रखर होती है। खासतौर पर वसंत पंचमी के दिन यदि कोई छात्र मां सरस्वती की आराधना करे, उनके मंत्रों का जाप करे या कोई अन्य उपाय करे तो मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



शहरी क्षेत्र के ईस्ट गोला रोड, कृषि मार्केट, मिशन चौक, महावीर चौक मुहल्ले के छोटे छोटे बच्चों ने चंदा कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया। बच्चों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने की कार्यशैली की सराहना सभी कर रहे है। पूजा को लेकर बच्चों की टोलियों ने कई दिनो से तैयारियां शुरू कर दिया था।

## अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मधुमय बसंत की मधुरिमा एवं कोकिल की कल काकली से अनुगुंजित वातावरण मे आयोजित विद्या की अधिठात्री देवी माता सरस्वती के पूजन अर्चना के पावन अवसर पर स्थानीय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सरस्वती पूजनोत्सव के मौके पर 24 घंटे का अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ का आयोजन किया गया। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ को सफल संचालन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिका समेत छात्र छात्राओ ने भी सहयोग दिया।

## युवाओं और छात्रों ने भक्ति भाव से मनायी सरस्वती पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा सभी शिक्षण संस्थानों चौक चौराहा में युवाओं एवं छात्रों के द्वारा श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास पूर्ण वातावरण में किया गया। मौके पर सुबह से ही सरस्वती पूजा को लेकर छात्रों एवं युवाओं में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया। भंडरा में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय, प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय भंडरा, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, संस्कार वोल्ड एकेडमी सहित सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा मूर्ति स्थापित कर की गयी। मूर्ति स्थापना के लिए छोटे-छोटे सुंदर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया था। इस मौके पर सभी पूजा पंडालो में दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया। सरस्वती पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन अलर्ट मोड में था। पुलिसकर्मी दिनभर विभिन्न पंडालो पर पेट्रोलिंग करते रहे।

# बराकर नदी के किनारे बना शिव मंदिर आस्था का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड अंतर्गत सतडीहा एवं योगियाटील्हा स्थित उत्तर वाहिनी बराकर नदी के किनारे स्थिति शिव मंदिर इन दिनों आस्था का केंद्र बना हुआ है। सतडीहा एवं योगियाटील्हा उतरवानी बराकर घाट में एकादशी व्रत हो या सावन पूर्णिमा एवं कार्तिक पूर्णिमा में जयनगर प्रखंड के अलावे मरकच्चो प्रखंड, बरकट्ठा प्रखंड सहित कई प्रखंड व जिले के सैकड़ो की संख्या में स्नान करने पहुंचते हैं। बराकर नदी के किनारे शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा होने से पर्यटक के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। शिव मंदिर के साथ-साथ लाखों की लागत से विवाह भवन भी बनकर तैयार हो गया है। उत्तर वाहिनी बराकर घाट के गंगाजल लोग स्नान के बाद घरों में भी ले जाते हैं। उत्तर वाहिनी बराकर घाट तथा घाट को विकसित करने के लिए सतडीहा, नौवाडीह, सरमाटांड, योगियाटील्हा के ग्रामीणों ने संकल्प लिया और पिछले 4 वर्षों से घाट पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण के साथ शिवलिंग की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। शिव मंदिर के निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और मंदिर में शिवलिंग की स्थापना के साथ भव्य रुद्र महायज्ञ करने का निर्णय लिया गया। वही रुद्र महायज्ञ 1 मार्च से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जायेगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण यादव, उपाध्यक्ष मंटू पंडित, महासचिव अजय यादव, द्वारीका यादव, सचिव महेश यादव, योगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद गोप ने बताया कि यहां उतरवानी बराकर घाट क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

# शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजा की रही धूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनाया गया। जंहा पूरे विधि विधान से छात्राओ ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद आरती और भजन के साथ प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि यदि वाणी न होती, विद्या न होती, ज्ञान न होता, तो सारा संसार अंधकार मय होता और संगीत न होता, कला न होती। इसलिए मां सरस्वती की महिमा अनंत निराली है।वही मुकेश भारती ने पीले रंग के महत्व को समझाया। पीला रंग अहिंसा, प्रेम, आनंद और ज्ञान का प्रतीक है। श्री विष्णु और उनके अवतारों को पीताम्बर धारण करवाने का यह प्रमुख कारण है। यह रंग सौंदर्य और आध्यात्मिक तेज को तो निखरता ही है,साथ ही पीले वस्त्र धारण करने से देव गुरु वृहस्पति भी प्रसंन होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। पीला रंग शुद्ध और सात्विक प्रवृत्ति का प्रतीक माना गया है। वसंत पंचमी के दिन सूर्य उत्तरायण होता है, सूर्य की किरणों से पृथ्वी पीली होती जाती है।इसके अलावे उन्होंने बताया कि कल मां सरस्वती को विदाई दी जायेगी।

# सरस्वती पूजा पर विद्यारंभ संस्कार महोत्सव आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती पूजा बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही साथ छोटे-छोटे करीब 30 से 35 भैया-बहनों का अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, नगर संघचालक, जिला संघचालक, विभाग सह संघचालक प्रमुख, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख, नगर कार्यवाह, जिला कार्यवाह, तीनों विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु भगिनी, अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय के अभिभावक बंधु भगिनी एवं भारी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति पधारे एवं माता का प्रसाद ग्रहण किये।

## भक्ति से मिलती है शक्ति : उदेश कुमार



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के नौडीहा ग्राम पंचायत में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर पूजा कमेटी क्लब की ओर से आयोजित रात्रि जागरण का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव और मुखिया बंधू भुइया ने संयुक्त रूप से किया। उदेश यादव ने कहा कि मानव को अपने जीवन में समय निकालकर भक्ति की ओर भी ध्यान लगाना चाहिए। भक्ति से मन को शांति मिलती है। साथ ही उन्होंने समिति के इस आयोजन की सराहना की और लोगों से शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की। इसके बाद जागरण ग्रुप के कलाकार पूरी रात लोगों को झूमाते रहे। मौके पर अमरेश कुमार रंजन और रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# रब्दी स्कूल में नहीं हुई सरस्वती पूजा आक्रोशित ग्रामीणों ने की तालाबंदी

## प्रधानाध्यापक पर शराब पीकर स्कूल आने और आपस में मारपीट करने का आरोप

**प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने पूजा नहीं करने और शराब पीकर स्कूल आने को लेकर प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत रब्दी भंवराहा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं मनाए जाने पर सोमवार को ग्रामीणों और विद्यार्थियों में काफी आक्रोश दिखा। प्रधानाध्यापक पर कई आरोप भी लगाए गए। हालांकि प्रधानाध्यापक और शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय कार्यालय में ताला लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में सरस्वती पूजा की धूम है और यहां स्कूल में सन्नाटा परसा हुआ है। बच्चे विद्यालय में आकर मायुस होकर लौट रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक रमेश राम और शिक्षक रामाशीष पासवान पर कई गंभीर आरोप भी लगाये। बताया कि दोनों शराब पीकर विद्यालय आते हैं और नशे में धूत होकर विद्यार्थियों के सामने ही आपस में मारपीट करने लगते हैं। दोनों शिक्षकों ने विद्यालय को अखाड़ा बना रखा है। वहीं विद्यार्थियों ने भी पूछे जाने पर बताया कि गुरुजी शराब पीकर आते हैं। प्रार्थना के बाद बगल में ही मझीगंवा जाते हैं और शराब पीकर चले आते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कौलेश्वर दास ने बताया कि प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा की विद्यालय में सरस्वती पूजा क्यों नहीं मनाई गई। साथ ही विद्यालय में शराब पीकर आना अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में ग्रामीणों की लिखित शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर रामाधार यादव, राजेंद्र यादव, विरेंद्र यादव, विनोद यादव, समाजसेवी देवकुमार यादव, मनोज यादव, कमेश यादव, रोहित यादव, लल्लू यादव, महेंद्र यादव, राधे यादव, अरुण यादव, कामेश्वर यादव, अरविंद यादव, मृत्युंजय यादव, रंजन यादव और रोहित यादव आदि उपस्थित थे।




स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण, अभिभावक व स्कूली बच्चे।

## संस्कार प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर मुख्य पथ के ऊपरी कला के समीप संस्कार प्ले स्कूल एंड पब्लिक स्कूल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन न्यू वनांचल अस्पताल के डॉ विनय कुमार, विद्यालय के निदेशक विकाश कुमार, प्राचार्य सोनू कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ विनय कुमार ने कहा कि प्ले स्कूल खुलने से यहां के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही खेल भी सिखाया जाएगा। जिससे बच्चों को शारीरिक लाभ मिलेगा। वहीं, प्ले स्कूल के निदेशक विकास कुमार व प्राचार्य सोनू कुमार ने कहा कि वर्तमान में हमारे स्कूल में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी। अगले वर्ष से सातवीं कक्षा तक विस्तार किया जाएगा। बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेल, स्मार्ट क्लास एवं स्पोकेन इंग्लिश भी सिखाया या पढ़ाया जाएगा। मौके पर ऊपरी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश चंद्रा, शिक्षक नागेंद्र कुमार सिंह, डॉ पूनम कुमारी और जनेश्वर प्रसाद आदि मौजूद थे।

# रेहला में आकर्षण का केंद्र बना संत पॉल कान्वेंट स्कूल का डिजिटल पूजा पंडाल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला स्थित संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक पूजा पंडाल व मां सरस्वती की प्रतिमा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पूजा पंडाल व प्रतिमा को देखने के लिये स्थानीय लोगों के अलावा दूर दूराज से भी लोग पहुंचे थे। स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने बताया कि पूजा पंडाल व प्रतिमा के निर्माण के लिए बाहर से कारीगर बुलाये गये थे। पंडाल व प्रतिमा निर्माण में 15 दिन से भी ज्यादा का समय लगा है। कहा कि स्कूल प्रबंधन सरस्वती पूजा को हर वर्ष और भव्य तरीके से मनाने का प्रयास करता है। इसके लिए एक महीना पहले से से तैयारी शुरू कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम चह बजे से भक्ति जागरण आयोजित होगा। जबकि प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को होगा। पूजा के सफल संचालन में प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिर्की, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा कुमारी, भूषण मिंज, गौतम कुमार, पूनम खलखो, नितेश मिश्रा, आबिद अंसारी, नेहा तिर्की, प्रियांजली शुक्ला आदि का अहम योगदान रहा।




## विश्रामपुर में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा

**विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा सोमवार को धूमधाम से मनायी गयी। क्षेत्र के लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा की गयी। रेहला व बेलचांपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल, विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर मॉडर्न संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल, संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, रेड रोज पब्लिक स्कूल, आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल सहित कई सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोचारण के बीच की गयी। इस अवसर पर कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।**

# देश-विदेश की खबरें

## शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार : उम्मीदवारों से ली गयी रकम एसएससी अधिकारियों के पास भी गयी

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने अपने आरोपपत्र में दावा किया है कि नौकरी चाहने वाले उम्मीदवारों से ली गई रकम एसएससी अधिकारियों के पास भी गई थी। सीबीआइ के बाद ईडी ने भी विशेष अदालत में चार आरोपितों शांतिप्रसाद सिन्हा, सुबीरेश भट्टाचार्य, कल्याणमय गंगोपाध्याय और अशोक कुमार साहा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसके बाद अदालत ने इन चारों आरोपितों और पूर्व एसएससी अधिकारियों के खिलाफ समन जारी किया है। उन्हें अदालत में पेश होना होगा। पिछले साल ईडी ने एसएससी भर्ती भ्रष्टाचार में मामला दर्ज किया था। अदालत ने चारों के खिलाफ दायर आरोपपत्र स्वीकार कर लिया। सीबीआइ पहले ही चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल किया है। पूर्व एसएससी अधिकारी शांतिप्रसाद सिन्हा को सीबीआइ के बाद ईडी ने जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी का दावा है कि हिरासत में सिन्हा से पूछताछ के बाद कई नई जानकारियां मिली हैं। ईडी ने आरोपपत्र में कहा है कि एजेंट प्रसन्न राय के माध्यम से प्रत्येक जिले से नौकरी चाहने वालों से एकत्र की गई बड़ी रकम शांतिप्रसाद सिन्हा और अन्य पूर्व एसएससी अधिकारियों के पास गई थी।

## एनआइए ने एक और आरोपित को दबोचा

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस विस्फोट कांड में तीन लोगों की मौत हो गई थी। भूपतिनगर निवासी पचानन घोराई को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान आरोपित के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था और फरार चल रहा था।

# सलाहकार एजेंसी को टिकट के लिए पार्टी के लोगों ने 50 लाख तक दिये: मदन मित्रा

## तृणमूल विधायक ने नाम लिये बगैर आइपैक पर साधा निशाना

**-कहा-टीएमसी में भारी मात्रा में धन का हो रहा है लेनदेन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विधायक मदन मित्रा ने सोमवार को राजनीतिज्ञ प्रशांत किशोर द्वारा स्थापित चुनावी सलाहकार एजेंसी आइपैक का नाम लिए बगैर विस्फोटक दावा करते हुए कहा कि टिकट के लिए पार्टी के लोगों ने एक एजेंसी को 25 से 50 लाख रुपये तक दिए थे। आइपैक के जरिए ही पार्टी में भ्रष्टाचार की शुरूआत हुई है। मित्रा ने कहा कि पार्टी में भारी मात्रा में धन का लेनदेन हो रहा है। पार्टी में कई लोग रातोंरात अरबपति बन गए हैं। पूर्व मंत्री ने आइपैक की आलोचना करते हुए कहा कि उनके लोग पार्टी नेताओं को हर कदम पर अपनी सलाह दे रहे थे। यानी उन्हें कब क्या करना चाहिए। एजेंसी ने यह सब पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की जानकारी के बिना किया। एजेंसी के क्रियाकलापों से ममता की छवि खराब हुई है। मित्रा ने कहा कि जिन लोगों ने एजेंसी को पैसे दिए थे, उनमें से किसी को भी टिकट नहीं मिला। अब वे शर्मिंदा हैं। इस बारे में वे किसी को कुछ बता भी नहीं सकते। उनमें कई बड़े नाम हैं। मित्रा ने कहा कि कोई मंत्री बनने के लिए 10 करोड़ रुपये दे रहा है। पार्टी में जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक पैसों का खेल चल रहा है। तृणमूल विधायक ने आगे कहा कि पार्टी में आने से पहले हमें इस तरह से पैसों की जरूरत नहीं होती थी।



# बंगाल में 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने संबंधी मामला सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**छह जनवरी को प्रमाण पत्र रद्द करने को लेकर दायर किया गया था मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद करने से संबंधित एक मामले को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। ओबीसी प्रमाण पत्र रद करने का मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। हाल ही में इस संबंध में एक नया मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसी वर्ष छह जनवरी को ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर दायर एक मामले को खारिज कर दिया। 31 जनवरी को जस्टिस बीआर गवई और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने उस मामले में कहा था कि ओबीसी प्रमाण पत्र रद करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। पिछले साल 22 मई को हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा और न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने बंगाल में करीब 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद कर दिए थे। हाई कोर्ट ने कहा था कि ये प्रमाण पत्र 2010 से तय प्रक्रिया के अनुसार नहीं बनाए गए हैं। राज्य सरकार उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। बाद में पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी फैसले को चुनौती दी। उस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। अगली सुनवाई 18 फरवरी को होनी है। इन मामलों की सुनवाई भी न्यायमूर्ति गवई की पीठ द्वारा की जा रही है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में नया दायर मामला खारिज कर दिया है। अमल कुमार दास नामक एक व्यक्ति ने ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में मामला दायर किया था। हाई कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए लगभग 12 लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद करने का आदेश दे दिया। इसके बाद राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। सुप्रीम कोर्ट में लंबित मुख्य मामला राज्य सरकार बनाम अमल कुमार दास का है। इस बीच, अवनीकुमार घोष नामक एक अन्य व्यक्ति ने भी छह जनवरी को कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए एक नया मामला दायर कर दिया। इस मामले में कुल तीन पक्ष हैं। राज्य सरकार, पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग और अमल कुमार दास। नए मामले में शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मामले को खारिज कर दिया। इस स्थिति में, कई लोग मुख्य मामले, ओबीसी प्रमाण पत्र के लिए राज्य के आवेदन के भविष्य को लेकर सशंकित हैं। कानूनी समुदाय में इस पर दो अलग-अलग राय हैं। वकीलों के एक पक्ष के अनुसार, इस संबंध में एक अन्य आवेदन भी खारिज कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, मूल मामला भी खारिज हो सकता है। अन्यथा, सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया होता कि याचिका को मुख्य मामले के साथ जोड़ दिया जाए। उदाहरण के लिए, सर्वोच्च न्यायालय ने 26,000 एसएससी नौकरियों को रद करने से संबंधित मामले में कई याचिकाओं को खारिज नहीं किया, बल्कि उन्हें मुख्य मामले के साथ जोड़ दिया।

# हुसैनाबाद में धूमधाम से मनायी गयी सरस्वती पूजा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गयी। स्वयंसेवी संगठन, सरकारी एवं गैरसरकारी शैक्षणिक संस्थानों में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की गयी। महाबीर जी भवन, चारधाम मंदिर, गांधी चौक, हरिहर चौक आदि के अलावे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बुन पब्लिक स्कूल, सतीश राज पब्लिक स्कूल, मध्य विद्यालय, समता स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, चाणक्या साइंस अकादमी, पाराडाईज इंग्लिश स्कूल, दक्ष पब्लिक इंग्लिश स्कूल, आरपीएस पब्लिक स्कूल, सेस स्कूल, लक्ष्मी शिशु वाटिका और एक्सपर्ट इंटरनेशनल स्कूल आदि शैक्षणिक संस्थानों में सरस्वती पूजन का आयोजन हुआ।

# पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर सरस्वती पूजा में बाधा, देवी की प्रतिमा तोड़ी गयी

**-आरोप विशेष समुदाय से जुड़े लोगों पर लगा**
**- कई जगहों पर पुलिस की पहरेदारी में की गयी पूजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में सोमवार को कई जगहों पर सरस्वती पूजा में बाधा देने की घटनाएं घटी हैं। नदिया जिले के चापड़ा के कलिंग इलाके में देवी सरस्वती की प्रतिमा को तोड़ दिया गया और आरोप एक विशेष समुदाय से जुड़े लोगों पर लगा है। हालांकि पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं इसी समुदाय से जुड़े लोगों की आपत्तियों के कारण हुगली जिले के बलाई बेडि?ा स्कूल में सरस्वती पूजा रोक दी गई।

बीरभूम जिले के बोलपुर में एक स्कूल में विशेष समुदाय की आपत्तियों के कारण पूजा आयोजित नहीं की गई। इसे लेकर छात्रों के अभिभावकों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। यहां हालात को संभालने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) को उतारना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक नदिया जिले के हरिनघाटा में एक प्राथमिक विद्यालय में सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं करने की धमकी दी गई थी। आरोप तृणमूल बूथ अध्यक्ष अलीमुद्दीन मंडल पर लगा है। हालांकि स्थानीय लोगों के भारी विरोध के बाद यहां पूजा आयोजित की गई। इसके अलावा अनेक जगहों पर पुलिस की पहरेदारी में पूजा आयोजित की गई। पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में एक मुस्लिम बहुल इलाके में स्थित एक कालेज, हावड़ा जिले के उलुबेडिा में स्थित एक स्कूल समेत जिलों के अनेक शिक्षण प्रतिष्ठानों में पुलिस की निगरानी में सरस्वती पूजा की गई। बता दें कि रविवार को कोलकाता के जोगेश चंद्र चौधरी ला कालेज में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद हुआ था। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को कालेज के छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। कालेज की कई छात्राएं मंत्री के सामने रो पड़ीं और आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के नेता साबिर अली के नेतृत्व में बाहरी लोगों द्वारा कालेज परिसर में पूजा आयोजित करने से रोका जा रहा है और यहां तक कि उन्हें दुष्कर्म की धमकी भी दी गई। 1

## हिंदू आस्था पर सीधा हमला: सुवेंदु अधिकारी

**वहीं इन घटनाओं पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि बंगाल में मुस्लिम सरस्वती पूजा में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। यह हिंदू आस्था पर सीधा हमला है। मुख्यमंत्री ने बंगाल को बांग्लादेश बना दिया है।**

# सतबरवा में सरस्वती पूजा की धूम



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा में बसंत पंचमी पर विद्यार्थियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की और सद्बुद्धि और ज्ञान मांगा। सरस्वती शिशु मंदिर सतबरवा, बाल विकास विद्या मंदिर, कन्या मध्य विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय समेत कई चौक चौराहों पर मां सरस्वती की पूजा की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ो बच्चे और अभिभावकों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे प्रखंड में भक्ति की बयार बह रही है।

## आरजी कर मामले में पीड़ित परिवार ने फिर से सुनवाई की मांग की

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या के मामले में पीड़ित परिवार ने फिर से सुनवाई की मांग की है। पांच फरवरी को कलकत्ता हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई है। इसी दिन पीड़ित परिवार के वकील मामले की फिर से सुनवाई की मांग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक पीड़ित परिवार मामले को कलकत्ता हाई में लौटाना चाहता है। इसके लिए वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं।

पीड़िता के पिता का दावा है कि इस घटना में सिर्फ संजय राय ही एकमात्र दोषी नहीं है, बल्कि कई और लोग शामिल हैं। संजय को अकेले फांसी देने से समस्या हल नहीं होगी। हम चाहते हैं कि असली अपराधी सामने आएं और सभी को सजा मिले। तभी इस मामले में सही न्याय होगा। पुलिस और सीबीआइ जांच में लुका-छिपी का खेल खेल रही हैं। कोलकाता के सियालदह कोर्ट ने पिछले दिनों इस मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं सीबीआइ तथा बंगाल सरकार ने संजय राय की फांसी की मांग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी मांगों पर पांच फरवरी को सुनवाई होगी।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 4 बांग्लादेशी पशु तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने एक साहसिक ऑपरेशन चलाकर चार बांग्लादेशी पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन 88वीं वाहिनी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर पूरी रणनीति के साथ अंजाम दिया गया। बीएसएफ की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रविवार की शाम करीब सात बजे मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की 88वीं वाहिनी की इटाघाटी सीमाचौकी के इलाके में ड्यूटी पर तैनात एक सतर्क जवान ने देखा कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे और धुंध का फायदा उठाकर भारत में घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। जवान ने सजगता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की और ड्यूटी पर तैनात अपने अन्य साथियों व पेट्रोलिंग पार्टी को सतर्क कर दिया। बीएसएफ जवानों की सतर्कता को देखकर तस्कर घबरा गए और सीमा पर तारबंदी ना होने का फायदा उठाकर नजदीकी सीमावर्ती गांव आदमपुर की ओर भागकर झाड़ियों में छिपने की कोशिश करने लगे। पर ग्रामीणों ने भी इटाघाटी सीमाचौकी के जवानों के साथ मिल कर छिपे पशु तस्करों को घेरना शुरू कर दिया। इसके बाद चारों को दबोच लिया गया। पकडे गए बांग्लादेशी पशु तस्करों को आगे की कार्यवाही के लिए सम्बंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

## अब आरजी कर की द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव कमरे में लटका मिला

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** महानगर के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के द्वितीय वर्ष की एक छात्रा का शव बैरकपुर स्थित उसके कमरें में फंदे से लटका मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आइवी प्रसाद नामक मेडिकल छात्रा उत्तर 24 परगना जिले के कमारहाटी ईएसआइ अस्पताल के आवासी परिसर में रहती थी और उसकी मां इस अस्पताल में चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के कमरहाटी थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि वह अपनी मां के फोन का कोई जवाब नहीं दे रही थी, इसके बाद उसका शव बरामद किया गया और अगले दिन राजकीय सागर दत्ता मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पिछले वर्ष नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए था।

## हाइवा और कार की टक्कर में पांच घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित बांकी पुल खरका के समीप कार में सवार पांच लोग घायल हो गये। घटना सोमवार की अपराह्न 4:00 बजे की है। घायलों में कार चालक मेन रोड टोटो निवासी शबान तबरेज प्राथमिक विद्यालय टोटो के प्रधानाध्यापक संजय उरांव, शिक्षिका ओमिका उरांव और अखिलेश ठाकुर शामिल है। सभी एक कर में सवार होकर चंदवा के नगर मंदिर पूजा पाठ करने गये थे। जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी बांकी पुल के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने कार को जोरदार टक्कर मार दिया। इसके बाद हाईवा सड़क के नीचे गड्ढे में जाकर गिर गया। जिससे हाईवे भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही हाईवा चालक वाहन छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। टक्कर में कार के परखच्छे उड़ गये। कार में सवार सभी लोग घायल हो गये। चार लोगों गंभीर चोट लगी। जबकि अखिलेश ठाकुर को कम चोट लगी है। सभी को सदर अस्पताल लाया गया। जहां पांचो घायलों का इलाज चल रहा है।

# सिरसी- ता-नाले को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जायेगा : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी पंचायत में सोमवार को सिरसी-ता-नाले (दोन) कंकड़ों लता राजकीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत देश के वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके उपरांत सभी मुख्य अतिथियों ने सिरसी-ता- नाले में पूजा-अर्चना कर सामूहिक प्रार्थना की।

कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में जानकारी देते हुए में कहा कि पहली बार गुमला जिले में इस प्रकार के राजकीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इसे और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जायेगा। उपायुक्त ने कुड़ुख भाषा में भी जनसमुदाय को संबोधित किया और आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहरायी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक अधिकारों और उनके उत्थान पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। इस आयोजन को उन्होंने आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मंत्री श्री लिंडा ने घोषणा किया कि सिरसी-ता-नाले क्षेत्र को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जायेगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर कुंभ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थल आदिवासियों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केंद्र बनेगा, जहां लोग आत्मिक शांति और अपने दुखों से मुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि माघ पंचमी के अवसर पर हर वर्ष इस स्थल पर भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

इस अवसर पर खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो परंपराएं स्थापित की हैं, उन्हें संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने जंगल, पहाड़ और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखना होगा।

चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के माध्यम से ऐतिहासिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। इस आयोजन से समाज अपनी संस्कृति से और अधिक जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब लोग कंकड़ों लता के ऐतिहासिक महत्व को जान सकेंगे।

सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जायेगा। उन्होंने उन श्रद्धालुओं की भी सराहना की जो उपवास करके लंबी दूरी तय कर इस पवित्र स्थल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की शक्ति प्रकृति से जुड़ी हुई है और पर्वत एवं जंगल उनकी आस्था के प्रतीक हैं।

समारोह में हजारों श्रद्धालु एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और इस आयोजन की सराहना की।

## देशी कट्टा, रायफल और गोली के साथ तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कुलाबीरा स्थित महादेव नदी पुल के समीप हथियार बंद अपराधियों द्वारा आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना को पुलिस ने विफल कर दिया। गुमला थाना की पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गुमला प्रखंड के कुलाबीरा निवासी गंदुर साहु, कुम्हरिया निवासी वृंदा साहु और भभरी निवासी कलेश्वर साहु के नाम शामिल है। पुलिस ने गंदुर साहु के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और दो जिंदा गोली, वृंदा साहु के पास से पांच जिंदा गोली और कलेश्वर साहु के पास से एक देशी रायफल और एक बाइक को जब्त किया है। गिरफ्तार वृंदा साहु और कलेश्वर साहु का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों का गुमला थाना में पहले से तीन-तीन कांड दर्ज है और जेल जा चुके हैं। पूछताछ में तीन अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि क्षेत्र में लेवी व रंगदारी वसूलने के लिए क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना थी। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, अवर निरीक्षक हिमांशु शेखर सिंह, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार व जवान दीनदयाल पाल और अविनाश कुमार पांडेय शामिल थे।

# जिलिंगा गांव की समस्याओं का निदान करना नैतिक कर्तव्य : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत सदर प्रखंड गुमला के जिलिंगा गांव पहुंचे। यह गांव सांसद का पैतृक ससुराल गांव है। गांव पहुंचने पर ससुराल के परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उनका ढोल, नगाड़े बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे सांसद नहीं वरन अपने गांव के दामाद का स्वागत कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों एवं परिजनों ने श्मशान घाट जाने वाले पथ का पीएससी निर्माण, मुख्य बस्ती में पीसीसी एवं नाली निर्माण कराने, अखड़ा का जीर्णोद्धार कराने सहित अनेक समस्याओं अवगत कराये। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह पहली बार अपने पैतृक ससुराल गांव आये हैं। लोगों ने दामाद के रूप में जो भव्य स्वागत किया उससे वह काफी अभिभूत है। इस गांव की समस्याओं का निदान करना उनका नैतिक कर्तव्य एवं पारिवारिक दायित्व है ।वे प्राथमिकता के आधार पर यहां की समस्याओं का निदान करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से अवगत कराते हुए उसका लाभ उठाने की बात कहे ।सभा समाप्ति के उपरांत सांसद पैतृक ससुराल घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात किये। साथ ही साथ गांव का भ्रमण कर समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजनीति तिग्गा सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, रवि रोशन बेक,मोती चौबे सहित परिजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 38वीं राष्ट्रीय खेल में स्पोर्ट्स अकादमी ने ही गुमला का मान बढ़ाया : सैयद जुन्नू रैन

**नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए दीपक और विक्रम का चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 38वीं राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ हो चुका है। भारत के जगह जगह से चयनित खिलाड़ी अपने-अपने खेलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है साथ ही जिले और राज्य का मान सम्मान बढ़ा रहे है। झारखंड बीच हैंडबॉल में टीम प्रबंधक के रूप में सैयद जुन्नू रैन के बाद हैंडबॉल में गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के 2 होनहार सितारे दीपक कुमार पिता गणेश साहू (विंध्याचल नगर) विक्रम राज ठाकुर पिता अशोक ठाकुर (लक्ष्मण नगर) का चयन झारखंड राज्य के तरफ से खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ है। यह गुमला जिला के लिए ऐतिहासिक क्षण है गुमला से मात्र इन दोनों का ही चयन इस राष्ट्रीय खेल में हुआ है। जमशेदपुर में एक दिवसीय हैंडबॉल ट्रायल में चयन होने के बाद 10 दिन झारखंड सरकार के हैंडबॉल राष्ट्रीय कैंप पर भाग लिया। जिनमें अच्छे प्रदर्शन पर दोनों खिलाड़ी को झारखंड टीम में जगह मिली यह स्पोर्ट्स अकादमी के लिए बड़ी उपलब्धि है। स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने बताया 7 फरवरी से 11 फरवरी तक उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले में इनडोर हैंडबॉल खेल का आयोजन किया गया है जिसमें चयनित 8 राज्य ही शामिल होंगे। वही स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने विक्रम और दीपक के चयन पर झारखंड हैंडबॉल टीम को आभार जताया साथ ही अच्छे खेल प्रदर्शन को ले कर मनोबल बढाया। साथ ही कहा खेल नगरी गुमला का शर्म का विषय है जिसमें 16 खेल होना है जिसमें गुमला से हैंडबॉल मात्र खेल है और वो भी सिर्फ स्पोर्ट्स अकादमी के 2 खिलाड़ी।

## लायंस क्लब ने आंख जांच शिविर लगाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 2 फरवरी को आंखों के विभिन्न तरह के बीमारियों की जांच शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 57 मरीज ने अपनी सहभागिता निभायी और सभी लोगों का जांच कर दवा एवं दिशा निर्देश दिया गया एवं पावर के भी जांच की गयी। जिनकी भी आंखों में तकलीफ है वह दोबारा लायंस क्लब से संपर्क कर अपना प्रॉब्लम बता सकते हैं। इसमें जितनी संख्या में लोगों ने अपनी सहभागिता निभायी समय था 11 से 2 बजे का परंतु 2 बजे तक संभव नहीं हो पाया तकरीबन यह कैंप 7:00 बजे संध्या को समाप्त हुई और किसी को निराश नहीं किया गया। सभी को जांच कर दवा एवं चश्मा लेने की सलाह दी गयी। अगला कैंप 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को किया जायेगा। मौके पर अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष ला. मुरली मनोहर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष ला. शंकर लाल जाजोदिया, संजीव उर्वशी, शशि किरण जायसवाल एवं सरस्वती देवी उपस्थित थे।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में सरस्वती पूजा उत्साह और भक्ति के साथ मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार 3 फरवरी 2025 को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने बुद्धि और ज्ञान की देवी का सम्मान करते हुए, बसंत पंचमी के शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा के उत्सव के रूप में मनाया। कॉलेज के वर्कशॉप में पूजा की गयी छात्रों ने कार्यशाला को फूलों, रंगीन पट्टियों और गुब्बारों से सजाया। इस शुभ अवसर पर निदेशक, प्राचार्य, प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी, संकाय सदस्यों और समर्पित छात्रों की उपस्थिति देखी गयी।

यह त्योहार समृद्धि और सौभाग्य से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी वसंत का पहला दिन है, जो फसल काटने का समय है। यह दिन विद्या की देवी, देवी सरस्वती की पूजा के दिन के रूप में भी मनाया जाता है। उत्सव की शुरूआत देवी सरस्वती को समर्पित पारंपरिक अनुष्ठानों और हवन के साथ हुई, जिसमें ज्ञान, रचनात्मकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उनका आशीर्वाद मांगा गया। सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने पवित्रता के साथ माँ सरस्वती की पूजा की और सभी के लिए एक महान भविष्य और प्रचुर ज्ञान की कामना की। सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद और आशीर्वाद के वितरण के साथ दिन का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## गुमला में भाजपा की बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पर्यटन भवन के सभागार में मंगलवार को समय दिन के 12:00 बजे भारतीय जनता पार्टी की बैठक होगी। यह बैठक जिला में चुनाव संचालन हेतु की जा रही है। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सत्येंद्र तिवारी, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश भास्कर के द्वारा मण्डल एवं बूथ में संगठनात्मक चुनाव हेतु विशेष दिशा निर्देश जारी किया जायेगा। बैठक में विधायक और सांसद के सभी पूर्व जनप्रतिनिधि, गुमला जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मण्डल के अध्यक्ष एवं महामंत्री एवं चुनाव संचालन हेतु मण्डल के दोनों नामित्त सदस्य को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय सहित कई गांव और शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शैक्षणिक संस्थानों सार्वजनिक स्थल और पूजा पंडालो में मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। भक्ति गीतों और मंत्र उच्चारण के साथ पूरा क्षेत्र भक्ति मय माहौल सा हो गया। खासकर बच्चों में काफी उत्साह पूजा को लेकर देखा गया। बच्चों ने पीले वस्त्र पहन कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की और विद्या व बुद्धि की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। कई समिति द्वारा कई स्थानों पर आकर्षक पूजा पंडाल सजाये गये श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी। पूजन के उपरांत भोग प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ प्रसाद ग्रहण और मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने को लेकर लगी रही।

## गुमला शहर में सीसीटीवी कैमरे सिर्फ शोभा की वस्तु बने : मुख्तार आलम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मुख्तार आलम जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य ने कहा की जानकारी प्राप्त हुई है कि गुमला जिला के शहरी क्षेत्र में कुल लगभग 98 सीसीटीवी कैमरा लगाये गये थे, परंतु उसमें 70 सीसीटीवी कैमरा खराब पड़े हुए हैं, इस कारण अपराधियों के द्वारा चोरी, मारपीट, छिनतई, तस्करी एवं अन्य कई घटनाओं का खुलेआम अंजाम देते है। शहरी क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा खराब पड़े रहने से कैमरे अब सिर्फ शोभा का वस्तु बनकर रह गया है। मुख्तार आलम ने कहा कि अगर पुलिस को अपराधियों तक पहुंचना हो यह कोई भी मामले को अनुसंधान करनी हो तो सीसीटीवी फुटेज की अति आवश्यकता पड़ती है, सीसीटीवी कैमरा प्रशासन का तीसरी आंख होती है। मुख्तार आलम ने कहा कि जानकारी प्राप्त ये भी हुई है कि जिनटेक्नोलॉजी और लिंक स्पीड कंपनी के द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं रखरखाव करने हेतु 5 साल का इकरारनामा तय किया गया था। परंतु कैमरे खराब होने के बाद कंपनी द्वारा ठीक करने कि कोई भी पल नहीं की जा रही है। मैं गुमला जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द सभी खराब पड़े सीसीटीवी कैमरो को ठीक करवाया जाये।

## स्पोर्ट्स



लॉन बॉल्स महिला फोर्स, महिला एकल,बालिका अंडर 25, पुरुष ट्रिपल तथा डबल की टीम सेमीफाइनल में पहुंची।

# तीरंदाजी रिकर्व स्पर्धा की पुरुष-महिला टीम फाइनल में पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता



**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड के दौरान सोमवार को देहरादून के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीरंदाजी के रिकर्व पुरुष एवं महिला टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष टीम ने सर्विस (एसएससीबी) टीम को एवं महिला टीम ने हरियाणा को हारकर फाइनल में प्रवेश किया। 6 फरवरी पुरुष की टीम का फाइनल उत्तर प्रदेश से एवं महिला टीम का मैच महाराष्ट्र टीम के साथ होगा। इंडियन राउंड मिक्स टीम माधो बिरुआ एवम मनीषा कुमारी की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। तीरंदाजी मिक्स में दीपिका कुमारी एवं गोल्डी मिश्रा की जोड़ी सेमीफाइनल में महाराष्ट्र से हार गयी अब कांस्य पदक के लिए खेलेगी। लॉन बॉल्स महिला फोर्स बाउलिंग में लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, कविता कुमारी एवम रेशमा कुमारी सेमीफाइनल में पहुंची। महिला एकल सरिता तिर्की महिला एकल मुकाबले में सेमीफाइनल में पहुंची। बालिका अंडर 25 वर्ग झारखंड की बसंती सेमीफाइनल में पहुंची। पुरुष ट्रिपल बाउलिंग झारखंड के प्रिंस, अभिषेक लकड़ा और आलोक लकड़ा की तिकड़ी ने दिल्ली को 20-10 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष डबल झारखंड की जोड़ी दिनेश और सुनील ने बंगाल को 22-06 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी, जय कुमार सिन्हा समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

# श्रद्धा-आस्था के साथ गुमला में सरस्वती पूजा की रही धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा सोमवार को श्रद्धा भक्ति आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सरस्वती पूजा को लेकर शहर से गांव तक छात्र युवाओं में उत्साह देखा गया। मां सरस्वती को विद्या दायिनी कहा गया है जिस कारण स्कूली छात्र-छात्राएं विशेष रूप से मां सरस्वती की पूजा करते है। पूजा स्थल पर छात्र अपने कापी किताब और कलम को भी रख कर पूजा करते हैं और ज्ञान की मां सरस्वती से मनोकामना करते हैं। गुमला के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान यथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, एसएस प्लस टू हाई स्कूल, मध्य विद्यालय, कोचिंग सेंटर गुरुकुल, विंग्स आइटी आदि स्थानों में आकर्षक सजावट की गयी थी और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा किया गया। केदार बगान स्थित न्यू मां शारदे क्लब के युवाओं ने पंडाल बनाकर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किये और धूमधाम से पूजा अर्चना किया। सरना टोली, तर्री, करौंदी, करम टोली, चेटर दुन्दरिया, डूमरडीह, शास्त्री नगर, रामनगर सहित कई स्थानों में भी आकर्षक तरीके से पूजा स्थल की सजावट की गयी है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में दौड़ का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में अंडर 14 छात्रों के लिए 3 किलोमीटर तथा अंडर 19 छात्रों के लिए 6 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में अंडर 14 में शनि उरांव ने 9 मि.14.26 से. का समय लेते हुए प्रथम, अरुण मुंडा ने 9 मि. 26.00 से. के साथ द्वितीय तथा सूरज उरांव ने 9 मि. 29.87 से. के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 19 में आकाश उरांव ने 27 मि. 45.69 से. का समय लेते हुए प्रथम, कमलेश उरांव ने 28 मि. 14.40 से. के साथ द्वितीय तथा अरविंद उरांव ने 28 मि. 22.02 से. के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दोनों ग्रुप में अन्य सात-सात छात्रों का चयन सांत्वना पुरस्कार के लिए किया गया। विद्यालय के खेल शिक्षक अमरदीप बक्सराय, धनंजय कुमार सिंह, महेश कुमार नाग, निरंजन कुमार, कंचन कुमार, अभिषेक कुमार, अरुण कुमार तिवारी, रंजन कुमार पांडेय, बादेश कुमार मंडल, संदीप कुमार पंडित आदि ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए दौड़ को सम्पन्न करवाया। तेतरा के सेवानिवृत्त खेल शिक्षक ने मौके पर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस विद्यालय में खेल के क्षेत्र में छात्रों के विकास हेतु ऐसे आयोजन होते रहते हैं।

# ...या देवी सर्वभूतेषु विद्यारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

## धनबाद और बेरमो कोयलांचल में सरस्वती पूजा की धूम, कानून व्यवस्था बनाये रखने को पुलिस-प्रशासन चौकस







बेरमो और धनबाद कोयलांचल में आयोजिज पूजा पंडालों में उमड़े लोग व जगह-जगह स्थापित मां सरस्वती की पूजा।

आजाद सिपाही टीम

**फुसरो/पिछरी/आइइएल/बेरमो/धनबाद/झरिया।** बसंत पंचमी के अवसर पर बेरमो कोयलांचल में सरस्वती पूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही बच्चे और विद्यार्थी मां सरस्वती के सामने नतमस्तक दिखे। विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज, क्लबों आदि स्थानों पर पूजा की धूम रही। सभी स्कूल-कॉलेज में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गयी। झब्बू सिंह महिला कॉलेज, अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ढ़ोरी, रामरतन हाई स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय ढोरी, भरत सिंह पब्लिक स्कूल सहित सभी स्कूलों-कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों में मां शारदे की प्रतिमा रख पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया गया। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढ़ोरी में सरस्वती पूजा के अवसर पर नये नामांकन के लिए छोटे-छोटे बच्चों का विद्यारंभ संस्कार विधिपूर्वक किया गया। इसके अलावा मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा अलग-अलग इलाकों में स्थापित की गई है। इसके लिए छोटे-छोटे पंडालों का भी निर्माण किया गया है। मां सरस्वती को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वर्षों से चली आ रही परंपरा आज भी उतने ही उत्साह और भक्ति के साथ मनाई जाती है। स्कूल के साथ साथ बच्चे अपने-अपने गली मोहल्लों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा आराधना में लीन है। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए डीजे साउंड व अश्लील गानों से खुद को दूर रखा। वहीं, पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी पंचायत के विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों, चौक-चौराहों एवं क्लबों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से गयी। पूजा को लेकर बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह दिखा। सभी विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि विधान से पूजा की गयी। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं विभिन्न क्लबों, कोचिंग संस्थान एवं चौक-चौराहों में आयोजित प्रतिमा स्थल पर आकर्षक लाइट से सजाया गया था। पिछरी पंचायत के खेड़ो, करणडीह, छप्परडीह, जामटांड, टुंगरीकुल्ही, बुटनाडीह आदि जगहों पर मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गयी। उधर, गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम लटकुट्टा बस्ती के प्रसिद्ध मंदिर गंजौरी माता मंदिर प्रांगण में भी मां सरस्वती की पूजा विधिवत की गयी। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पूजा समिति के सदस्य विक्की कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंजौरी माता मंदिर प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गयी है। पूजा के सफल आयोजन में सुमित पासवान, विक्की कुमार यादव, हैरी कुमार पासवान, बादल कुमार पासवान, बबलू यादव, संटू यादव, उतम कुमार यादव, सुमित कुमार, करण पासवान, क्रिश पासवान सहित कमेटी के कई सदस्यों का अहम भूमिका रहा। इसके अलावा, गोमिया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। गोमिया, आईईएल, स्वांग, हजारी, वन बी सहित, गोमिया इंटर कॉलेज, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय गोमिया, डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग, मॉर्डन स्कूल, पिट्स मॉडर्न स्कूल, मध्य विद्यालय, सक्सेस जॉन एरा कोचिंग सेंटर, लटकूट्टा बस्ती, उज्वला क्लब स्वांग आदि विभिन्न विद्यालयों एवं कोचिंग सेंटरों में मां सरस्वती की पूजा विधिवत रूप से की गयी। वहीं सरस्वती पूजा को लेकर विद्यार्थियों में उमंग भी देखा गया। जबकि शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता व आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो दल बल के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे।

उधर, गांधीनगर बैदकारो में बसंत पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गई। सोमवार को शैक्षणिक संस्थानों क्लबों और जगह-जगह स्थापित प्रतिमाओं की विद्यार्थियों ने पूजा की। चहुंओर ओर मंत्रोच्चारण के बीच मां शारदे की पूजा हुई। विद्यार्थियों ने पूजा कर मां सरस्वती से सद्बुद्धि और समृद्धि की कामना की। क्षेत्र में एक से बढ़कर एक पंडाल गली और चौक-चौराहा पर बनाए गए हैं। पूजा को लेकर बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह रहा। पूजा पंडालों में शाम होते ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। पंडालों में लगे आकर्षक लाइट और भजनों से माहौल भक्तिमय में हो गया है। मौके पर मां शारदा क्लब के अभिजीत कुमार, अनुभव कुमार टाइगर क्लब के ऋषभ सिंह, सोनू सिंह, आबास सिंह, आयुष सिंह, पीयूष, अंकुश आदि मौजूद रहे।

### जरिया में सरस्वती पूजा की रही धूम

झरिया कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की धूम रही। झरिया शहर के आसपास क्षेत्र में एक से बढ़कर एक पंडाल चौक-चौराहों पर बनाए गए हैं। जिन्हें आकर्षक लाइट से सजाया गया है।

वहीं, पूजा को लेकर बच्चों एवं युवाओं में काफी उत्साह है। यहां के विभिन्न स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा क्लबों में भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। इस मौके पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# किशोरी ने घर में फंदा लगाकर की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** थाना क्षेत्र के महुदा बाजार में रविवार की रात 17 वर्षीय एक किशोरी ने घर में ही फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान भूमि कुमारी रजक के रूप में हुई है। वह महुदा की ही रहने वाली थी। वह रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय की 9वीं कक्षा की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार भूमि के माता-पिता महुदा बाजार स्थित अपनी दुकान में थे। वारदात के समय उनकी बड़ी बहन एवं छोटा भाई ही घर पर थे। परिजनों ने बताया कि भूमि रात को अपने दुकान से घर लौटी और रोटी बना रही थी। इसी बीत रात करीब 8 बजे वह बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक अपने कमरे में चली गई और फंदे से झूल गई। इस दृश्य को उनकी बड़ी बहन ने खिड़की से देखा तो शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद, परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और तुरंत बोकारो स्थित बिजीएच अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि भूमि काफी मिलनसार, हंसमुख और पढ़ाई में भी अच्छी थी। इस अनहोनी घटना ने परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# वकील प्रजापति अध्यक्ष एवं जनार्दन प्रजापति बने सचिव



### प्रहरी मेला को सफल बनाने को लेकर बैठक, बगदा पंचायत कमेटी का गठन

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड का प्रसिद्ध प्रहरी मेला मार्च महीने में खैराचतर में आयोजित होने वाला है, जो इस बार 25 वर्ष पूरा करने जा रहा है। इसके सफल आयोजन को लेकर पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बगदा पंचायत कमेटी के गठन को लेकर बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से वकील कुमार प्रजापति को अध्यक्ष, भोला स्वर्णकार को उपाध्यक्ष, जनार्दन प्रजापति सचिव, अशोक प्रजापति उपसचिव, रविंद्र कपरदार उप सचिव, अखिलेश्वर मरांडी कोषाध्यक्ष के अलावे राजेश चक्रवर्ती, प्रेम कुमार, विवेक ठाकुर, रोशन सिंह, संजय कपरदार, वीरेंद्र करमाली, पंकज महतो, कामेश्वर महतो, गौतम महतो, अमित महतो को संयोजक एवं दीपराज चक्रवर्ती, विक्की, संजय प्रजापति, विमल वर्मा, धीरज भट्टाचार्य, सुखदेव मुर्मू एवं संजय महतो को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। उक्त बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक मत में प्रहरी मेला को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

# रंगारंग कार्यक्रम में दुर्गापुर के बच्चों ने मोहा लोगों का मन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुर्गापुर पंचायत के टोला डुंडाडीह में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर इस वर्ष भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावे बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं चुटकुले प्रस्तुत करके लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जेएलकेएम बोकारो के जिला अध्यक्ष सह दुर्गापुर पंचायत के मुखिया अमरेश महतो ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें उपमुखिया पंचानन महतो एवं वार्ड सदस्य बिनीता देवी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुखिया अमरेश महतो ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ना है तो सबसे पहले पढ़ना होगा। विनोद बाबू ने कहा था पढ़ो और लड़ो। इस लिए अपना हक अधिकार के लिए सबसे संगठित होकर लड़ना होगा। इसके लिए पहले पढ़ना होगा। वहीं, उपमुखिया पंचानंद महतो ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है। वार्ड सदस्य विनीता देवी ने कहा कि पढ़ाई के साथ ही गीत-संगीत भी जरूरी है। अंत मे सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार महतो ने किया।

# होटल राजदरबार में छापामारी, अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह पेट्रोल पंप के पास स्थित होटल राजदरबार में पुलिस ने छापामारी कर वहां से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। यह कार्रवाई पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी के नेतृत्व में की गई। जानकारी के मुताबिक पुलिस को होटल में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने छापामारी कर विभिन्न ब्रांड्स की अंग्रेजी शराब और बियर की बड़ी खेप बरामद हुई। पुलिस ने होटल के मालिक के खिलाफ मद्य निषेदक कानून के तहत मामला दर्ज किया है। खबर है कि होटल का मालिक एक प्रतिष्ठित दैनिक अखबार का पत्रकार बताया जा रहा है। इस घटना के बाद से इलाके में अवैध शराब व्यापारियों में खलबली मची हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस छापामारी से शराब तस्करों और अवैध कारोबारियों में दहशत है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी। इस मामले में मधुबन थाना में कांड संख्या 17/25 मद्य निषेद की धारा 234, 235 एवं 47 ए के तहत होटल राजदरबार के मालिक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फिल्म फेस्टिवल अवार्ड 2025 : कुमार चंदन ने जीते 10 अवार्ड




**कतरास (आजाद सिपाही)।** चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड 2025 का आयोजिन 31 जनवरी व 1 फरवरी को राजस्थान के कोटा में हुआ। इसमें कतरास के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ उमा शंकर के पुत्र कुमार चंदन ने 10 अवार्ड जीते। इनमें बेस्ट एनीमेशन डिजाइन, बेस्ट डिजिटल पेंटिंग, बेस्ट मोशन ग्राफिक, बेस्ट फोटो स्टोरी, बेस्ट ग्राफिक डिजाइन, बेस्ट अड फिल्म, बेस्ट फिल्म रनर अप एनीमेशन, बेस्ट डायरेक्टर डॉक्यूमेंट्री शॉट्स, बेस्ट वीएफएक्स विजुलाइजेशन शामिल है। अवार्ड जीत कर कुमार चंदन ने कतरास कोयलांचल का मान बढ़ाया है। बतातें चलें कि चंदन इससे पहले भी कई अवार्ड जीत चुके है। वे एनिमेशन फिल्म कई वर्षों से बना रहे है।

# झमाडा एमडी का पुतला फूंका



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा जल संयंत्र केंद्र से 18 इंची पाइप लाइन से पाथरडीह लाइन में पानी की सप्लाई वल्व ऑपरेटर की बलि चढ़ जाने से प्रभावित क्षेत्र के आक्रोशित लोगों ने डिगवाडीह गणेश पूजा मैदान में झमाडा प्रबंधन का पुतला दहन किया। पानी व बिजली उपभोक्ता मंच के संरक्षक शुभाशीष राय ने कहा कि भागा, फुसबंग्ला, शालीमार, जेलगोड़ा, डिगवाडीह में पिछले नौ दिनों से पानी की आपूर्ति बंद है। जबकि ऑपरेटर कामेश्वर एवं चंदन द्वारा बार-बार 8 इंची पाइप लाइन के कनेक्शनधारियों को ही लाभ पहुंचाया जाता हैं। इससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। लोग जानना चाह रहे हैं कि झमड़ा के अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्मियों को ही पानी की आपूर्ति के लिए ऑपरेटर क्यों रखे हुए हैं। इस मौके पर अभिमन्यु राम, उपेन्द्र शर्मा, मनोज प्रशाद, मिलन दता, गुफरान खान, मुख्तार अंसारी, सलीम इराकी, अली असगर, कलू मिस्त्री, संजय पांडेय और समीर गुहा आदि उपस्थित थे।

# अशोक मुर्मू ने अभियान चलाकर लगभग 100 लोगों को दिलायी झामुमो की सदस्यता



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो की ओर से राज्यभर में चल रहे सदस्यता अभियान के तहत सोमवार को पेटरवार प्रखंड के अंगवाली पंचायत में झामुमो बोकारो जिला संयोजक अशोक मुर्मू ने सदस्यता अभियान चलाया। उन्होंने अंगवाली पंचायत के करमाचौकी टोला में लगभग 100 लोगों को सदस्यता रसीद काटकर झामुमो की सदस्यता दिलवाई। कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्त्ता गांव-गांव घूम कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़े, ताकि पार्टी मजबूती हो। इसके लिए शहर और गावों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जा रहा है। कहा कि झारखंड में सबसे अधिक सदस्य बोकारो जिले में बनाने का प्रयास होगा। इस अभियान से जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने का महत्वपूर्ण कदम होगा।

## पेटरवार में सोलर युक्त जल मिनार और ढक्कन युक्त नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

# गंदगी से बचाव के लिए नाली निर्माण और पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता में है: अशोक मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिछरी/बेरमो** पेटरवार प्रखंड के पिछरी झरनाकुल्ही में ढक्कन सहित नाली निर्माण व अंगवाली के करमाचौकी में सोलर युक्त जल मीनार कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य अशोक कुमार मुर्मू ने किया। यह कार्य जिला परिषद मद से 15वें वित्त के तहत होगा। जिसमें झरनाकुल्ही में सुराय मांझी के घर से सुभाष साव के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण व अगंवाली के करमाचौकी में मनीराम मुर्मू के घर के पास सोलर युक्त जल मीनार डीप बोरिंग निर्माण कार्य होगा। इस अवसर पर अशोक मुर्मू ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के देखते हुए गंदगी से बचाव के लिए नाली और पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना मेरा पहला प्राथमिकता है। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि ललन कुमार टुडू, ललन सोनी, झामुमो नेता विक्की महतो, मोतीलाल हेम्ब्रम, लालू बास्के, मुकुंद सिंह, लालचन्द मांझी, भरत टुडू, मनीराम सोरेन, बाबूचंद मांझी, प्रकाश मांझी, साहेब राम, मनसु मांझी, अभीषेक महतो, सादमुनी, सीमति देवी, सरिता देवी, सुशीला देवी आदि मौजूद थे।

# एनएसयूआइ ने अनाथाश्रम में बांटी पुस्तकें और मिठाइयां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई नेता जय प्रकाश यादव के सौजन्य से हीरापुर स्थित हिंदू मिशन अनाथालय में सरस्वती पूजा के अपसर पर सोमवार को अनाथ बच्चों के बीच कॉपी, कलम और मिठाइयां बांटी कर खुशी मनायी गयी। सभी बच्चों को आज के दिन की महत्ता बताकर उन्हें जीवन में शिक्षा के मूल्य को समझाया गया। एनएसयूआई की ओर से अनाथ आश्रम के संचालक से यह भी वादा किया गया कि एनएसयूआई आगे भी उनके लिए सहयोग को तत्पर रहेगा। महीने में चार दिन संघठन के लोग आकर बच्चों को शिक्षा देंगें। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, विश्वविद्यालय के नेता जयप्रकाश सिंह, समाजसेवी मौशिम शेखावत, अमन प्रसाद, सौरव कुमार और राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

# ओड़िशा के लिए ऐतिहासिक रेल बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओड़िशा के लिए 2025 रेल बजट की मुख्य विशेषताओं का अनावरण करते हुए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।




## ओड़िशा के लिए रेल बजट 2025 की मुख्य विशेषताएं:

**1. रिकॉर्ड बजटीय आवंटन:**
ओड़िशा में रेलवे विकास के लिए 10,599 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जो 12.5 गुना अधिक है। 2009-2014 अवधि के दौरान 838 करोड़ आवंटित किये गये।

**2. रेलवे नेटवर्क का विस्तार:**
2014-2025 के बीच, 186 किमी नयी पटरियां बिछाया जा रहा है, जो पिछली अवधि के दौरान जोड़े गये 53 किमी से 3.5 गुना अधिक है।

**3. विद्युतीकरण प्रगति:**
ओडिशा के विद्युतीकरण प्रयासों में 4.5 गुना वृद्धि देखी गयी है, 2014-2025 के दौरान 138 किमी ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, जबकि पिछले कार्यकाल में यह केवल 29 किमी था।

**4. व्यापक बुनियादी ढांचा विकास:**
2014 के बाद से 2,046 किमी से अधिक नयी पटरियों का निर्माण किया गया है, जो पैमाने में मलेशिया के पूरे रेल नेटवर्क को पार कर गया है। ओड़िशा ने 1,516 किमी ट्रैक के विद्युतीकरण के साथ 100% विद्युतीकरण भी हासिल कर लिया है।

**5. चल रही परियोजनाएं और भविष्य के निवेश:**
वर्तमान में, 48 नये ट्रैक प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिसमें कुल 4,784 किमी ट्रैक विकसित किये जा रहे हैं और 73,723 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

**6. अमृत स्टेशनों का विकास:**
बजट में पूरे ओडिशा में 59 स्टेशनों के विकास के लिए 2,379 करोड़ रुपये, जिनमें भुवनेश्वर, कटक, पुरी, संबलपुर और राउरकेला जैसे प्रमुख केंद्र शामिल हैं।

**7. सुरक्षा और प्रौद्योगिकी संवर्द्धन:**
कवच सुरक्षा प्रणाली को 1,898 किमी रेल लाइन के लिए मंजूरी दी गयी है, जिसमें 645 किमी के लिए काम चल रहा है और निविदा जारी की गयी है। सुरक्षा बढ़ाने के लिए कुल 1,000 लोकोमोटिव को सिस्टम के साथ एकीकृत किया जायेगा।

**8. यात्री सुविधाएं और बुनियादी ढांचे का उंनयन:**
2014 के बाद से 522 रेल फ्लाईओवर और अंडर-ब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 234 स्टेशनों पर 43 लिफ्ट, 18 एस्केलेटर और वाई-फाई स्थापित किये गये हैं।

**9. वंदे भारत ट्रेनें:**
छह वंदे भारत ट्रेनें अब पूरे ओड़िशा में चलती हैं, जो 17 जिलों और 25 अद्वितीय स्टॉपेज को जोड़ती हैं, जो यात्रियों के लिए आधुनिक, उच्च गति यात्रा की पेशकश करती हैं।

**10. अमृत भारत एक्सप्रेस:**
मालदा टाउन और बेंगलुरु के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस पांच राज्यों को जोड़ती है, जिससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ती है।

**11. रिकॉर्ड निवेश और ऐतिहासिक विकास:**
ओडिशा को अधिक प्राप्त हुआ है। पिछले तीन वर्षों में रेलवे विकास के लिए सालाना 10,000 करोड़ रुपये का कुल निवेश योगदान हुआ। राज्य के रेलवे क्षेत्र में 78,000 करोड़। इसके अलावा, अतिरिक्त वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 20,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं।

**12. मल्टी-ट्रैकिंग पहल:**
कोलकाता से चेन्नई तक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, कोलकाता और भद्रक के बीच महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो चुका है। तीसरी लाइन का काम पहले से ही चल रहा है, और चौथी लाइन का काम भविष्य में किया जायेगा। वैष्णव ने इस व्यापक परिवर्तन के लिए 'डबल इंजन सरकार' मॉडल के महत्व पर जोर देते हुए ओडिशा के रेल विकास में उनके अटूट समर्थन के लिए प्रधानमंत्री, माननीय वित्त मंत्री और ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आधुनिकीकरण और कनेक्टिविटी लाता है। चल रही परियोजनाएं और भविष्य के निवेश भारत के रेलवे नेटवर्क में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करेंगे और क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# जाजपुर जिले में घर से प्रेमी युगल का शव बरामद

**जाजपुर/भंजनगर(आजद सिपाही)।** ओड़िशा के जाजपुर जिले में सोमवार को एक बुजुर्ग दंपत्ति का शव उनके घर से बरामद किया गया। घटना जिले के ब्रम्हबरदा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कोथासाही गांव की है। मृतकों की पहचान बिजय राउत (60) और उनकी पत्नी पद्मिनी (55) के रूप में हुई है। मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, लेकिन मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। ब्रह्मबर्दा पुलिस घटनास्थल पर वैज्ञानिक टीम की सहायता से मामले की जांच कर रही है। जिले में इसी तरह के एक अन्य मामले में एक महिला का शव घर से बरामद किया गया। घटना जाजपुर रोड इलाके में पानीकोइली पुलिस सीमा के अंतर्गत आने वाले बरेई गांव की है। इस मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, जबकि मृतक के परिवार ने इसे हत्या का मामला बताया है। ओड़िशा में भी इसी तरह के एक मामले में ओड़िशा के गंजम जिले में एक छात्रा का शव उसके किराये के घर से बरामद किया गया। शव भंजनगर के मालसाही के पास स्थित घर में मिला।

# शादी में मेहमान बनकर आये चुरा ले गये रुपये और जेवर

## दोनों चोर की कारस्तानी सीसीटीवी में कैद



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्टार होटल में शादी की समय लूट। मेहमान बनकर आये दो चोर ने ढाई लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण लूट लिए। ऐसी घटना राजधानी भुवनेश्वर में देखने को मिली है। कॉरपोरेट कंपनी के सेवानिवृत्त एचआर सरोज कुमार मिश्र की बेटी संजनिका मिश्र ने झारखंड के चक्रधरपुर के डॉक्टर अभिषेक षड़ंगी से राजधानी के एक सितारा होटल में शादी चल रहा था। इसी बीच दो चोर मेहमान बनकर आये और डॉक्टर दंपत्ति से लाखों रुपये और सोने के आभूषण चुरा ले गये। चोरी का पूरा नजारा सीसीटीवी में कैद हो गया। मैत्री बिहार थाने में शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच जारी रखी।

# बोकारो में लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में संगठनात्मक चुनाव पर कार्यशाला




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** संगठन महापर्व के तहत बोकारो में आयोजित जिला प्रवेक्षक संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला लक्ष्मण प्रसाद सिंह (पूर्व आइजी सह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, झारखंड) के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने समाज के समाजिक आर्थिक और राजनीतिक विकास हेतु संगठन के महत्व को उजागर कर पार्टी को धरातल पर सुदृढ़ीकरण प्रदान करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने समाज के सभी वर्गों को संगठन में शामिल करना और संगठन महापर्व का मुख्य उद्देश्य बताया। इस मौके पर भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद थे।

# मलकानगिरी के पूर्व कलेक्टर और तीन अन्य के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मलकानगिरी।** मलकानगिरी उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसडीजेएम) ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और मलकानगिरी के पूर्व कलेक्टर मनीष अग्रवाल के खिलाफ 2019 में उनके तत्कालीन निजी सहायक (पीए) देबा नारायण पांडा की मौत के मामले में गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया। रिपोर्टों के अनुसार, मलकानगिरी एसडीजेएम ने ओड़िशा सरकार के योजना एवं अभिसरण विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत आइएएस अधिकारी मनीष अग्रवाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है, क्योंकि उन्होंने न तो अदालत के समक्ष गवाही दी और न ही पांडा की रहस्यमयी मौत के संबंध में बार-बार भेजे गये नोटिस का जवाब दिया। एसडीजेएम अदालत ने तीन अन्य आरोपियों वी वेणु (तत्कालीन डाटा-एंट्री ऑपरेटर), प्रकाश स्वैन (तत्कालीन स्टेनोग्राफर) और भगवान पाणिग्रही (तत्कालीन ओड़िशा राजस्व सेवा अधिकारी) के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट जारी किया है, जो इस मामले में अन्य आरोपी हैं। उल्लेखनीय है कि देबनारायण पांडा 27 दिसंबर, 2019 को अपने कार्यालय से लापता हो गये थे, और अगले दिन रहस्यमय परिस्थितियों में उनका शव मलकानगिरी के सतीगुडा बांध से बरामद किया गया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने पहले आत्महत्या का मामला दर्ज किया और बाद में पांडा की मौत पर अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया। हालांकि, उनकी पत्नी ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या की गयी है और मलकानगिरी एसडीजेएम में तत्कालीन कलेक्टर मनीष अग्रवाल और तीन अन्य कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। शिकायत के आधार पर अग्रवाल और तीन अन्य के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी और राज्य अपराध शाखा ने घटना की जांच शुरू की और अदालत के निर्देश के बाद चारों आरोपियों पर आइपीसी की धारा 302 (हत्या के लिए सजा), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा), 201 (अपराध के सबूतों को गायब करना), 204 (साक्ष्य के रूप में इसे प्रस्तुत करने से रोकने के लिए दस्तावेजों को नष्ट करना), 120 (बी) (आपराधिक साजिश की सजा) और 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किये गये कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# इको-रिट्रीट में गैर-ओड़िया पर्यटक की मौत

**कोणार्क।** एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, रविवार को ओड़िशा के पुरी जिले में रामचंडी के पास कोणार्क इको-रिट्रीट में एक गैर-ओडिया पर्यटक की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार, भुवनेश्वर शहर के पाटिया क्षेत्र के मोहम्मद आलम हुसैन शनिवार को इको-रिट्रीट में गये थे और अपनी पत्नी के साथ कॉटेज में रुके थे। हालांकि, हुसैन की पत्नी ने कोणार्क इको-रिट्रीट के अधिकारियों की मदद से उन्हें दोपहर में बीमार होने के बाद एम्बुलेंस में गोप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, लेकिन हुसैन का इलाज करने वाले डॉ जगन्नाथ बेहरा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि हुसैन की मौत का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका पता चल सकेगा। इस बीच, चंद्रभागा मरीन पुलिस स्टेशन की आइआइसी प्रतिमा साहू ने बताया कि हुसैन की मौत की सूचना मिलने के बाद उन्होंने उसके शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए चरीचाका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेज दिया। आइआइसी ने आगे कहा कि हुसैन की मौत के बाद अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और शव परीक्षण पूरा होने के बाद उसका शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया जायेगा।

# किम्स ओड़िशा का पहला अस्पताल जिसने उन्नत हृदय विफलता उपचार के लिए 'प्रौद्योगिकी' शुरू की




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (केआईएमएस) ओडिशा में अत्याधुनिक एलओटी सीआरटी (लेफ्ट साइडेड ऑप्टिमाइज्ड कार्डियक रीसिंक्रोनाइज्जेशन थेरेपी) तकनीक शुरू करने वाला पहला संस्थान बन गया है। यह हृदय विफलता का एक उन्नत उपचार है, जो बेहतर नैदानिक ??परिणाम देता है और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करता है। यह उन्नत प्रक्रिया पिछले साल 13 दिसंबर को मद्रास मेडिकल मिशन के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिंद्य घोष के मार्गदर्शन में कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. पंचानन साहू द्वारा राज्य में पहली बार की गई थी। डॉ. साहू ने बाद में 9 जनवरी, 2025 को ड्क्टर में दूसरी छडळ उफ्ळ प्रक्रिया की। यह तकनीक हृदय कक्षों के बीच समन्वय सुनिश्चित करती है, संकुचन को बढ़ाती है, और जटिलताओं के जोखिम को कम करती है। पारंपरिक आर.वी. (राइट वेंट्रिकुलर) पेसिंग में हृदय विफलता की 20 प्रतिशत संभावना थी। लॉट सीआरटी, सीआरटी के विकास में अगला कदम दर्शार्ता है। पारंपरिक द्वि-वेंट्रिकुलर पेसिंग के विपरीत, पेसिंग लीड को वेंट्रिकुलर सेप्टम (हृदय के दो वेंट्रिकल्स को अलग करने वाली दीवार) के बाईं ओर रखता है। यह सटीक प्लेसमेंट किस कॉम्प्लेक्स को संकीर्ण करता है। हृदय की विद्युत गतिविधि का एक माप इसे सामान्य स्थिति में लाता है और हृदय के प्राकृतिक संकुचन में सुधार करता है। इसके संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के दूरदर्शी समर्थन के साथ, उन्होंने हृदय संबंधी उपचार के मानकों को बढ़ाते हुए एक अत्याधुनिक इपी लैब की स्थापना की। डॉ साहू ने अपने साथी ईपी विशेषज्ञों, डॉ अनुपम जेना और डॉ मिलन घादेई के साथ मिलकर, उन्नत इपी और आरएफए प्रक्रियाओं का उपयोग करके जटिल हृदय स्थितियों वाले कई रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का खुलासा, पांच गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांटाबांजी।** कांटाबांजी पुलिस ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया और राज्य के बलांगीर जिले के कांटाबांजी शहर में लायंस पब्लिक स्कूल के पास एक किराए के मकान से बिहार के तीन सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया। कांटाबांजी एसडीपीओ सदानंद पुजारी ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस की एक टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर कल किराये के मकान पर छापा मारा और ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान संतोष कुमार यादव, संतोष कुमार और सोनू कुमार यादव के रूप में हुई है, जो बिहार के बांका के भेलवा गांव के खमारीपदा, नुआपाड़ा के खीरसागर नायक और बलांगीर जिले के बेलपाड़ा के जितेंद्र पुंजी हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप और अन्य कई सामान भी जब्त किये हैं। एसडीपीओ ने आगे बताया कि आरोपी लोग लोगों को 80 प्रतिशत लाभ देने का वादा करके ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट में भाग लेने के लिए राजी करते थे और इस तरह निवेशकों से पैसा लूटते थे। पुजारी ने कहा कि मामले में आगे की जांच चल रही है ताकि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता का पता लगाया जा सके तथा इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया जायेगा।

# सम हॉस्पिटल्स को फर्स्ट इटी नाउ इंडस्ट्री आइकांस 2025 इस्ट अवार्ड्स में सम्मानित किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर को ईटी नाउ इंडस्ट्री आइकांस-2025 इस्ट चैप्टर के पहले संस्करण में पूर्वी भारत में सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट अस्पताल के रूप में सम्मानित किया गया है। टाइम्स नेटवर्क डिजिटल के अध्यक्ष और सीओओ रोहित चढ़ा ने पिछले शुक्रवार को कोलकाता में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मम के सीईओ डॉ श्वेतपद्मा दास को यह सम्मान प्रदान किया गया। इसी तरह, इस अवसर पर एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा परिचालित इनस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल कैंपस दो फुलनखरा को ओडिशा में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि आईएमएस और सम हॉस्पिटल कैंपस तीन शितलापल्ली (ब्रह्मपुर) को ओड़िशा में सर्वश्रेष्ठ मल्टीस्पेशलिटी इमर्जिंग अस्पताल के रूप में सम्मानित किया गया है। इसी तरह, आइएमएस और सम अस्पताल भुवनेश्वर के कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हेमेटोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभागों को उस श्रेणी में ओड़िशा में सर्वश्रेष्ठ विभागों के रूप में मान्यता दी गयी है। आईएमएस और सम अस्पताल भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ पुष्पराज सामंतसिंहार, आइएमएस और सम अस्पताल परिसर 2, फुलनखरा के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार लेंका और विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शुभदर्शिनी मिश्र ने शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। ये सम्मान बॉलीवुड अभिनेता और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रशंसित 'हीरामंडी' फेम तारा शाह बदुशाहा, प्रख्यात भारतीय सिनेमा निमार्ता, निर्देशक, लेखिका श्रीमती नंदिता रॉय और अभिनेता, निर्देशक और लेखक शिवप्रसाद मुखर्जी और बॉलीवुड अभिनेता अपारसक्ति खुराना द्वारा प्रदान किये गये। इस अवसर पर, सुमा रियल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के उड़िया समाचार पत्र 'प्रेमेय' को ओडिशा में नंबर एक समाचार पत्र के रूप में सम्मानित किया गया। सुमा रियल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के समूह निदेशक (सेलस और मार्केटिंग) हिमांशु भूषण होता ने ये पुरस्कार प्राप्त किया।

# खंडगिरि यात्रा में कोई अश्लील नृत्य नहीं, बीएमसी ने आयोजकों को दी चेतावनी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के भुवनेश्वर में आगामी खंडगिरि यात्रा के दौरान अश्लील डांस के मामले में भुवनेश्वर नगर समिति ने सख्त चेतावनी जारी की है। बीएमसी ने खंडगिरी निर्देश के आयोजकों को ऐतिहासिक परंपरा और गरिमा के भीतर यात्रा आयोजित करने की चेतावनी दी। बीएमसी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बीएमसी आयुक्त राजेश प्रभाकर पाटिल ने कहा कि सभी यात्रा समितियों को दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने नाटक मंचित करने को कहा गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भद्रक में एक अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गयी थी।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**